रोहतक
शुक्रवार, 4 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 154
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 38.4
न्यून. 25.5

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,239.47 | 170.22 ▼ |
| निफ्टी | 24,405.30 | 48.10 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 99,620/- | 450/- ▲ |
| चांदी | 1,05,800/- | 1000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.55 | 7 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 68.40/ बैरल | 1.03% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

हरियाणा और पंजाब के 60 से अधिक पर्यटक फंसे
मंडी में भूस्खलन से 6 घर व प्राइमरी स्कूल गिरा

# हिमाचल में 20 जगह बादल फटे, 14 की मौत 31 लापता, हरियाणा में डरा रही घग्गर नदी

*बाढ़ की वजह से 150 से अधिक मकान, मवेशियों के लिए बनाया गया आश्रय, 31 वाहन, 14 पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। 164 मवेशियों की मौत, 402 लोगों को बचाया गया, प्रभावितों के लिए 5 राहत शिविर बनाए गए। इसके अलावा 784 जलापूर्ति योजनाएं भी बाधित हुई हैं। कई मुर्गी फार्म तबाह हो गए, खराब मौसम और नेटवर्क टूटने के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।*

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश भीषण तबाही मचा रही। हिमाचल प्रदेश में गुरुवार को करीब 20 जगह बादल फटने से 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 31 लोग लापता हैं। वहीं हरियाणा में घग्गर नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे ग्रामीणों में भय का महौल व्याप्त है। मंडी में भू-स्खलन से प्राइमरी स्कूल और 6 घर भरभराकर गिर गए। बाढ़ की वजह से हिमाचल रोडवेज की बस फंस गई। बस में सवार लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह पशुओं की भी मौत होने की खबरें हैं। बरसात का कहर थमा नहीं है। शिमला के ढली में निर्माणाधीन फोरलेन की रिटेनिंग वॉल (डंगा) ढह गई और मनाली में अटल टनल के पास फ्लैश फ्लड से हाईवे मलबे में दब गया। वहीं, मंडी के जंजेहली म फटने के बाद हरियाणा-पंजाब के 60 पर्यटक फंस गए थे। जिन्हें पुलिस ने रेस्क्यू कर सुरक्षित रिसॉर्ट में शिफ्ट किया है। राज्य के कई इलाकों में बिगड़ते मौसम के कारण कई रास्ते बंद हैं और पहाड़ों में हर कदम पर खतरा बना हुआ है। पर्यटकों अभी इन स्थानों पर न आने की अपील की है।


फतेहाबाद में उफन रही घग्गर नदी

## उत्तराखंड में चारधाम यात्रा रोकी

उत्तराखंड में तेज बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होगा, तभी आगे यात्रा शुरू की जाएगी। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड हुई और रास्ता बंद हो गया। इस दौरान 40 श्रद्धालु फंस गए। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। वर्षाजनित हादसों में अब 14 लोगों की मौत हुई है।

## 11 राज्यों में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में पिछले 4 दिन से बारिश का दौर जारी है। बुधवार को भारी बारिश के बाद अजमेर शरीफ दरगाह परिसर में 2 फीट पानी भर गया। वहीं, भारी बारिश के दौरान दरगाह में बने बरामदे की छत का एक हिस्सा भी ढह गया। इस दौरान किसी को चोट नहीं आई। दरगाह कमेटी ने उस हिस्से में लोगों की आवाजाही बंद कर दी है।

## हरियाणा के कई जिलों में बारिश, पंजाब में दो की मौत

हरियाणा के कई जिलों में गुरुवार को बारिश हुई। हिसार, फतेहाबाद, भिवानी, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़ और चरखी दादरी में बारिश हुई। मौसम विज्ञान विभाग केंद्र चंडीगढ़ (आईएमडी) के मुताबिक 3 जिलों अंबाला, यमुनानगर और करनाल में तेज बारिश हो सकती है। वहीं, पंचकूला और कुरुक्षेत्र में गरज चमक के साथ मध्यम बारिश हो सकती है। 14 जिलों, कैथल, जींद, पानीपत, सोनीपत, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, पलवल, मेवात और फरीदाबाद में बूंदाबांदी की संभावना है। वहीं, पंजाब के होशियारपुर में गुरुवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे घर की छत गिर गई, जिसमें पिता और 2 बेटियों की मौत हो गई। जबकि, पत्नी समेत 2 बेटियां घायल हैं।

# फतेहाबाद में घग्गर का जलस्तर बढ़ा, प्रशासन हाईअलर्ट पर

## चांदपुरा साइफन पर जलस्तर 8000 क्यूसिक तक पहुंचा

**खनौरी में वॉटर डिस्चार्ज 6050 क्यूसिक दर्ज किया गया**
**गुहला चीका में वाटर डिस्चार्ज 19255 क्यूसिक पर आया**

**फतेहाबाद।** हिमाचल की शिवालिक की पहाड़ियों में बरसात से हरियाणा में घग्गर के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले 3 दिनों में यहां चांदपुरा साइफन पर जलस्तर 800 क्यूसिक से बढ़कर 8000 क्यूसिक तक पहुंच गया। वीरवार को खनौरी में वॉटर डिस्चार्ज 6050 क्यूसिक दर्ज किया गया तो पीछे से गुहला चीका में थोड़ी राहत की खबर मिली। यहां पर सुबह वाटर डिस्चार्ज सुबह 21252 था जोकि शाम को घटकर 19255 क्यूसिक पर आ गया। जानकारों का मानना है कि ऐसे ही जलस्तर बढ़ता रहा तो एक बार फिर बाढ़ की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। इससे लोगों में भय का माहौल है। यह बता देना उचित होगा कि दो वर्ष पूर्व जुलाई माह में बाढ़ आई थी जोकि इससे पूर्व हर बार सितम्बर माह में ही बाढ़ का पानी यहां आया है। हिमाचल में अगस्त व सितम्बर में तेज बारिश के बाद यहां घग्गर में पानी का जलस्तर बढ़ जाता था।

### तटबंधों को मजबूत करने में जुटा प्रशासन

सिंचाई विभाग के एसडीओ ने कहा कि घग्गर में पानी का लेवल बढ़ रहा है। सिंचाई विभाग व पंचायत विभाग अपने स्तर पर तैयारियां कर रहा है। बुधवार को डीसी मनदीप कौर ने बैठक लेकर सभी अधिकारियों को संभावित बाढ़ की आशंका को लेकर जिम्मेवारी सौंपी। चांदपुरा में तटबंध मजबूत करने और मिट्टी के बैग स्टॉक करने को कहा है। घग्गर व रंगोई नाले के किनारों पर निगाह रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी बाढ़ को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीसी से पूरे जिले की अपडेट ली।

### कर्मचारियों की छुट्टियां रद

संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए टोहाना के एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने सभी विभाग अध्यक्षों को पत्र लिखकर अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियों को तत्काल रद्द करने व मुख्यालय पर उपस्थित रहने के आदेश दिए।

**न्यूनतम स्तर पर बह रही यमुना :** यमुना नदी के कैचमेंट एरिया व पहाड़ी इलाकों में वीरवार को भी रुक-रुक कर कभी हल्की तो कभी तेज बारिश हुई। जिसकी वजह से दिन भर यमुना नदी के जलस्तर में उतार चढ़ाव जारी रहा। वीरवार शाम को हथनीकुंड बैराज पर जहां जलस्तर 54000 क्यूसिक दर्ज किया गया। वहीं, यमुना नदी में जलस्तर 39000 क्यूसिक था। मगर गनीमत यह है कि अभी यमुना नदी अपने न्यूनतम स्तर से भी कम जलस्तर पर बह रही है। हथनी कुंड बैराज के सूत्रों के मुताबिक यमुना नदी के कैचमेंट एरिया में अभी बारिश जारी है।

# प्रदेश के आठ जिलों में ईंट-भट्ठों पर पराली बेस्ड ईंधन का प्रयोग जरूरी

**मंत्री नागर बोले, धान की पराली आधारित बायोमास पेलेट का उपयोग करें**

**अंबाला, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, सिरसा एवं यमुनानगर को लिखा पत्र**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के गैर एनसीआर आठ जिलों में स्थित ईंट भट्टों पर धान की पराली आधारित बायोमास पेलेट के उपयोग को अनिवार्य कर दिया गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने हाल ही में इस बाबत आदेश जारी किए हैं, जिसके बाद गुरुवार को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने अम्बाला, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, सिरसा एवं यमुनानगर जिलों को पत्र जारी किया है।

बता दें कि एनसीआर क्षेत्रों में बायोमास ईंधन के प्रयोग का नियम पहले से ही लागू है। इसके साथ ही पराली से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए अब हरियाणा के सभी जिलों में स्थित ईंट भट्टों में धान की पराली आधारित बायोमास पेलेट के उपयोग अनिवार्य हो गया है। इससे जहां प्रदूषण से राहत मिलेगी, वहीं किसान भी पराली बेचकर अच्छा मुनाफा कमा पाएंगे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने बताया कि हरियाणा के गैर-एनसीआर क्षेत्रों सभी ईंट भट्टों में धान की पराली आधारित बायोमास पेलेट के 50% सम्मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित किया है।



### 2028 तक 50 प्रतिशत सम्मिश्रण का लक्ष्य तय

- 01.11.2025 से कम से कम 20% सम्मिश्रण
- 01.11.2026 से कम से कम 30% सम्मिश्रण
- 01.11.2027 से कम से कम 40% सम्मिश्रण
- 01.11.2028 से कम से कम 50% सम्मिश्रण

### 'बायोमास पेलेट' एक प्रकार से ठोस ईंधन

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि इस क्रम में हरियाणा के सभी गैर-एनसीआर जिलों अम्बाला, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, कुरुक्षेत्र, पंचकूला, सिरसा एवं यमुनानगर को पत्र के माध्यम से त्वरित अनुपालन हेतु निर्देश जारी कर दिए गए हैं। 'बायोमास पेलेट' एक प्रकार से ठोस ईंधन हैं। लकड़ी, कृषि अवशेषों और अन्य चीजों को छोटे और बेलनाकार छर्रों का रूप दिया जाता है। इससे ईंटें भी अच्छी तरह से पक सकेंगी।

## खबर संक्षेप

### शुभमन ने रचा इतिहास दोहरा शतक जड़ा



**नई दिल्ली।** टेस्ट क्रिकेट कप्तान के तौर पर शुभमन गिल ने शुभ शुरुआत की है। लीड्स में पहली पारी में शतक जड़ने के बाद बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन दोहरा शतक जड़कर इतिहास रच दिया। गिल 269 रन बनाकर आउट हुए। वे टेस्ट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बने। खेल पेज भी देखें

### एक महीने और बढ़ी आसाराम की बेल

**अहमदाबाद।** 2013 के रेप मामले में आसराम की अस्थाई बेल एक महीने के लिए और बढ़ा दी। गुजरात हाई कोर्ट ने मेडिकल आधार पर यह राहत दी है। कोर्ट ने आदेश में यह भी जोड़ा की यह अंतिम एक्सटेंशन है। न्यायमूर्ति इलेश वोरा व न्यायमूर्ति पीएम रावल की पीठ ने आसाराम की जमानत एक महीने के लिए और बढ़ा दिया। आसाराम के वकील ने जमानत को तीन और महीनों के लिए बढ़ाने की मांग की थी। एजेंसी

# फरीदाबाद : जिम में वर्कआउट करते समय युवक की हार्टअटैक से जान गई, 170 किलो था वजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद में जिम में वर्कआउट करते समय 37 साल के युवक की हार्टअटैक से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक का वजन 170 किलो था, जिस कारण उसने 4 महीने पहले ही जिम ज्वाइन की थी। वह वर्कआउट कर अपना वजन कम करना चाहता था। युवक का एक्सरसाइज करते हुए नीचे गिरने का वीडियो भी सामने आया है। वह बेहोश हुआ तो उसे सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की गई, लेकिन उसे होश नहीं आया। जिम में मौजूद लोग उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक पंकज बल्लभगढ़ की राजा नाहर सिंह कॉलोनी का रहने वाला था। वह अपने पिता राजेश के साथ कंस्ट्रक्शन कंपनी चलाता था। 4 साल पहले ही पंजाब की युवती से उसकी शादी हुई थी। उसकी ढाई साल की बेटी भी है।

### कंस्ट्रक्शन कंपनी चलाता था

■ पंकज अपने पिता राजेश के साथ कंस्ट्रक्शन कंपनी चलाता था। वजन को लेकर कई बार लोगों ने टोका तो उसने श्रोता वैलनेस जिम जॉइन कर लिया।

### क्षमता से अधिक कसरत नहीं करें : डॉ. एमपी सिंह

■ डिप्टी सीएमओ डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को क्षमता से ज्यादा कसरत नहीं करनी चाहिए। अचानक क्षमता से ज्यादा वर्कआउट करने के कारण दिल को पूरे शरीर में खून की बढ़ती मांग को पूरा करने में संघर्ष करना पड़ सकता है।

## प्रदेश में 10वीं-12वीं की कंपार्टमेंट परीक्षाएं आज से

**14 जुलाई को खत्म होंगी, 65 परीक्षा केंद्र बनाए**

**भिवानी(हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कंपार्टमेंट की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू होंगी। बोर्ड अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि 4 जुलाई से 14 जुलाई तक चलने वाली इन परीक्षाओं में कुल 27,636 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। जिनमें 6 हजार 750 छात्र और 4 हजार 44 छात्राएं शामिल हैं। प्रदेशभर में स्थापित 65 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

## अगले महीने हॉकी एशिया कप खेलने भारत आएगी पाक टीम!

**29 अगस्त से 7 सितंबर तक होंगे खेल**

**नई दिल्ली (भाषा)।** पाकिस्तान हॉकी टीम अगले माह भारत में होने वाले एशिया कप और नवंबर दिसंबर में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने भारत आएगी। खेल मंत्रालय ने यह मंजूरी दे दी है। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत सहित 8 टीमें भाग लेंगी। वहीं जूनियर हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा ।

**विदेश दौरा** पीएम मोदी ने घाना की संसद को किया संबोधित, बोले

# ग्लोबल साउथ को आवाज दिए बिना प्रगति संभव नहीं, भारत समृद्ध विश्व के निर्माण में देगा योगदान

**अक्रा (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय एवं प्रभावी सुधारों पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध विश्व के निर्माण में योगदान देगा। घाना की संसद को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' को आवाज दिए बिना प्रगति संभव नहीं है। 'दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत विश्व का एक मजबूत स्तंभ है। एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध दुनिया के निर्माण में योगदान देगा।' भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिर राजनीति और शासन की नींव पर भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता

मोदी ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी विश्व शासन व्यवस्था तेजी से बदल रही है। मोदी ने कहा, 'प्रौद्योगिकी में क्रांति, 'ग्लोबल साउथ' का उदय और बदलती जनसांख्यिकी इसकी गति और विस्तार में योगदान दे रहे हैं।' बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है।

### घाना के राष्ट्रीय सम्मान से नवाजे गए मोदी



पीएम नरेन्द्र मोदी को घाना के राष्ट्रीय सम्मान 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया गया। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने पीएम मोदी को बुधवार को यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, यह पुरस्कार मेरे लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है। मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से पुरस्कार विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं।' मोदी ने विश्वास जताया कि यह यात्रा भारत-घाना संबंधों को नई गति प्रदान करेगी।



## मानेसर में शहरी निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन सत्र का बिरला ने किया उद्घाटन

# संवाद और आदर्श प्रथाओं से शहरी निकायों को उत्तरदायी और पारदर्शी बनाना चाहिए



स्पीकर बिरला ने गुरुवार को कहा कि शहरी निकाय लोकतंत्र की बुनियाद हैं और जनता से सीधे जुड़े होते हैं। उन्हें संवाद और आदर्श प्रथाओं के जरिए अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए।

**2 दिनी सम्मेलन में महिला सशक्तीकरण, विकसित भारत 2047 में योगदान पर होगी चर्चा**

### लोकतांत्रिक संस्थाओं को उच्चता देना सभी की जिम्मेदारी

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि शहरी निकाय लोकतंत्र की बुनियाद हैं और जनता से सीधे जुड़े होते हैं। उन्हें संवाद और आदर्श प्रथाओं के जरिए अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। सदन नियमित चले, मुद्दों पर चर्चा हो, जवाबदेही सुनिश्चित हो, यही लोकतंत्र की सच्ची परंपरा है, जिसे हमें विकसित करना होगा। बिरला गुरुग्राम के मानेसर में शहरी निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती और जवाबदेह शासन के लिए शहरी स्थानीय निकायों को संवाद और आदर्श आचरण के जरिए सशक्त बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निकाय प्रतिनिधि जनता से सीधा संवाद करते हैं और समस्या व संकट की सबसे पहली जानकारी इन्हें मिलती है। ऐसे में संवाद से इनका समाधान निकल सकता है। इसी सोच से संसद की संरक्षक की भूमिका को समझते हुए श्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करने की यह पहल की गई है।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को उच्च स्तर पर ले जाना सभी की जिम्मेदारी है। एक उत्तरदायी और पारदर्शी निकाय प्रणाली विकसित होनी चाहिए। सदन में प्रश्नोत्तर हों, मुद्दों पर चर्चा हो, बैठकें नियमित चलें, यह परंपरा विकसित की जानी चाहिए। बुद्धिजीवी वर्ग, पर्यावरणविद भी नीतिगत प्रक्रिया में शामिल हों।



**पहली बार किया गया ऐसा सम्मेलन**

लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने बताया कि इस आयोजन की प्रेरणा बिरला से मिली। संसद को अन्य निकायों का संरक्षक बनना चाहिए। यह पहली बार है जब ऐसा सम्मेलन हुआ।

**निकायों में समितियां बनें, संसद की तरह कार्य करें**

उन्होंने कहा कि निकायों में समितियां बनें और संसद की तरह कार्य करें। उन्होंने उल्लेख किया कि 18वीं लोकसभा में सकारात्मक परिवर्तन आया है और सभी दलों ने सदन को चलाने की दिशा में सहयोग दिखाया है। अब रुकावट डालने वाले स्वयं समाज के प्रति उत्तरदायी होंगे। हमें यह सोचकर भी कार्य करना चाहिए कि भविष्य में राजनीतिक नेतृत्व शहरी निकायों से ही निकलेगा।

मानसून सत्र से पहले बिरला ने कहा

### व्यवधान पैदा नहीं करें सियासी पार्टियां

स्पीकर बिरला ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले गुरुवार को कहा कि राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान नहीं डालना चाहिए और जो पार्टियां गतिरोध पैदा करने का प्रयास करेंगी, उन्हें जनता जवाब देगी। उन्होंने यह भी कहा कि 18वीं लोकसभा में व्यवधान पहले के मुकाबले कम हुआ है और यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि राजनीतिक दलों ने विचार किया कि सदन चलना चाहिए। स्थानीय निकायों के सदनों को सुचारू रूप से चलाने के आदर्श पद्धति स्थापित होनी चाहिए तथा वहां भी प्रश्नकाल तथा शून्यकाल जैसे सत्र की व्यवस्था होनी चाहिए।

### शहरी निकाय मजबूत होंगे तो राष्ट्र मजबूत बनेगा

सीएम सैनी ने कहा



सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी निकायों की जड़ें जितनी मजबूत होंगी, राष्ट्र उतना ही मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम निकाय एक विकास मॉडल है जिसे वर्ष 2050 तक 75 लाख की आबादी के लिए तैयार किया जा रहा है। निकायों को पारदर्शी और आधुनिक बनाना ज़रूरी है। स्मार्ट सिटी, स्वच्छता और पर्यावरण को प्राथमिकता दी जा रही है और प्रधानमंत्री का विजन है कि शहर स्लम मुक्त हों।

**हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष बोले**

### सम्मेलन के होंगे दूरगामी परिणाम

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य यह समझाना है कि शहरी निकाय राष्ट्र निर्माण में कैसे भूमिका निभा सकते हैं। यह अवसर है कि निकाय अपनी जिम्मेदारी को समझें और जनता की जरूरत के अनुसार काम करें। इस सम्मेलन के दूरगामी परिणाम होंगे और हरियाणा में इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

# कावड़ यात्रा 11 से, मुख्यमंत्री ने अधिकरियों के साथ की समीक्षा, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे जवान

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक इंतजाम किया जाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि हरियाणा पुलिस इस यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था से जुड़ी सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगी, ताकि श्रद्धालुओं एवं आमजनता को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके। यह यात्रा 11 जुलाई से प्रारंभ होगी, जिसमें लाखों श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लाकर पैदल अथवा वाहनों के माध्यम से अपने निवास स्थानों पर जलाभिषेक के लिए जाएंगे।

**पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर प्रतिबंध**

कांवड़ यात्रा 2025 के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित संचालन के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात को नियंत्रित करने के लिए ठोस योजना तैयार की गई है। राज्यभर में पुलिस बल को अलर्ट मोड में रखा गया है और सभी जिलों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य के सभी जिलों में पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई है। 11 जुलाई से यात्रा समाप्ति तक पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर प्रतिबंध लगाया गया है ताकि अधिकतम पुलिस बल उपलब्ध रह सके। सभी संवेदनशील स्थानों, नाकों और शिविर स्थलों पर वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में 24 घंटे गश्त सुनिश्चित की जाएगी।


## THE MAHENDRAGARH CENTRAL COOP. BANK LTD; MAHENDRAGARH

### Co-option of Professional Directors

The Mahenderagrh Central Coop. Bank Ltd. is one of the leading licensed Central Cooperative Bank in the State of Haryana. It was registered under Cooperative Societies Act in the year 1954. The bank is carrying out banking business in accordance with B.R. Act, 1949 (AACS). The working capital of the bank is Rs. 686.55 Crore. The bank is in service of peasants of General Masses and farmers etc in the area of District Mahenderagrh since its inception.

As prescribed by R.B.I. and RCS Haryana two professional Directors are to be Co-opted on Board of Directors of this bank. Co-option will be made in accordance with section 29-B of Haryana Cooperative Societies (Amendment Act 2006).

**Vacancy = Two**

**Eligibility:-**

1. Candidate should have minimum five years of experience in following area:-
   i) Accountancy (Qualified Chartered/ Cost Accountant)
   ii) Agriculture (Agriculture Graduate/Post Graduate/ Agriculture Engineer)
   iii) Banking (Atleast Senior Management Level being a graduate)
   iv) Finance/Economics/Commerce/Business Administration (CFA/Post Graduate in Economic/ Commerce/ Finance/Management/MBA).
   v) Law Graduate/Post Graduate
2. He/ She should be permanent resident of area of operation of the Mahendergarh District.
3. He/ She is a borrower, he/she should not be a defaulter.
4. He/she should not have, had a business relationship with this bank during two Preceding years (a person having commercial dealing with this bank. Such as contractor, Professional link legal Advisor, Auditor etc. will be treated as having business relationship with bank). A person having deposit with borrowing from the bank will not be classified as having business relationship for this purpose.

Interested person should obtain application forms from the office of General Manager of the bank from 10.00 a.m. to 2.00 p.m. on any working day on payment of Rs. 500/- in Cash or demand draft/ pay order drawn in favour of the Mahendergarh Central Coop. Bank Ltd; Mahendergarh. Application complete in all respect will be accepted upto 5.00 p.m. on 31.07.2025. For more details, you may visit to our website www.cbmgarh.com.

General Manager


## खबर संक्षेप



### नड्डा 6 को करेंगे पार्टी के तीन जिला कार्यालयों का उद्घाटन : बड़ौली

पंचकूला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 6 जुलाई को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर झज्जर, सिरसा और कुरूक्षेत्र के भाजपा कार्यालयों का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली से ही तीनों भाजपा कार्यालयों का उद्घाटन करेंगे। यह उद्घाटन कार्यक्रम सायं 5 बजे वर्चुअली होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि सप्ताह भर में जिला जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नामों की घाषणा कर दी जाएगी। बड़ौली ने गुरुवार को 9 जिला अध्यक्षों और प्रभारियों की बैठक ली। प्रदेश कार्यालय पंचकमल में बुलाई गई इस बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित अन्य पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## वायु प्रदूषण से निपटने के लिए रोडमैप तैयार : रस्तोगी

चंडीगढ़। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने गुरुवार को हरियाणा में वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पर्यावरण से जुड़े विभिन्न निर्देशों के कार्यान्वयन के संबंध में बैठक की अध्यक्षता की। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बैठक में प्रदेश, विशेष रूप से एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एक व्यापक और बहु-क्षेत्रीय कार्य योजना प्रस्तुत की। सीएक्यूएम के वरिष्ठ सदस्य डॉ. वीरेंद्र शर्मा और डॉ. सुजीत कुमार बाजपेयी, हरियाणा के पर्यावरण, वन और वन्यजीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद मोहन शरण, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष श्री विनीत गर्ग, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह, विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. साकेत कुमार और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## चीफ जस्टिस ने एमउएम समूह मामले की सुनवाई से खुद को अलग किया

चंडीगढ़। चीफ जस्टिस शील नागू ने एमउएम समूह के निदेशक रूप बंसल की एक याचिका की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। उन्होंने स्वत संज्ञान लेते हुए यह सवाल उठाया कि क्या वह उस मामले की न्यायिक सुनवाई कर सकते हैं, जिसे उन्होंने पहले प्रशासनिक रूप से निपटाया था।सुनवाई शुरू होते ही चीफ जस्टिस ने पूछा कि क्या प्रशासनिक रूप से मामले को एकल पीठ से वापस लेने के बाद उनकी न्यायिक सुनवाई में किसी को आपत्ति है। बंसल की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि कोई लिखित आपत्ति नहीं थी, लेकिन उनके मुवक्किल ने औपचारिक रूप से आपत्ति दर्ज करने का निर्देश दिया था।चीफ जस्टिस नागू ने कहा, पूर्ण निष्पक्षता में, मैं इस मामले को सुनवाई के लिए किसी अन्य पीठ को सौंपूंगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील जोहेब हुसैन ने वर्चुअल रूप से पेश होकर आपत्ति का विरोध किया और चेतावनी दी कि यह थोड़ा खतरनाक नजीर स्थापित कर सकता है। उन्होंने कहा, चीफ जस्टिस का कार्यालय प्रशासनिक पक्ष में जो करता है, वह कभी भी न्यायिक निर्णय में बाधा नहीं बनता।

## संवेदनशील पदों पर नियमित कर्मचारी होंगे तैनात

चंडीगढ़। सरकार ने अहम विभागों और अहम कामकाज केवल मात्र नियमित कर्मियों के हाथ में देने का फैसला लिया है। राज्य सरकार के विभागों, बोर्ड-निगमों, विश्वविद्यालयों में अहम और संवेदनशील पदों पर नियुक्त अनुबंधित कर्मचारियों को वहां से बदलकर दूसरी सीटों पर लगाया जाएगा। अहम बात यह है कि वित्त और मानव संसाधन से जुड़े सभी पदों पर केवल नियमित कर्मी औरअधिकारी नियुक्त होंगे। जनता के साथ में डीलिंग और संवेदनशील पदों पर कच्चे कर्मियों के लगाए जाने के बाद से भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों का सिलसिला बढ़ गया है। सरकार ने जिन्हें गंभीरता से लिया है। मुख्य सचिव के अधीनस्थ मानव संसाधन विभाग ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्ड-निगमों के प्रबंध निदेशक और मुख्य प्रशासक, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों और सभी विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार को संवेदनशील पदों की पहचान कर नियमित कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। 13 अगस्त 2021 को जारी निर्देश के अनुसार संवेदनशील और वित्तीय मामलों से संबंधित पदों का प्रभार केवल नियमित कर्मचारियों को सौंपा जाना चाहिए। किसी भी स्थिति में संविदा कर्मचारियों को इन पदों पर नहीं लगाया जाए। मानव संसाधन और लेखा का कार्य सभी विभागों और संगठनों का मुख्य महत्वपूर्ण कार्य है । अब संवेदनशील पदों पर अनुबंध के आधार पर तैनात व्यक्तियों को लगाया जा रहा है जो सरकारी निर्देशों का उल्लंघन है। मानव संसाधन और लेखा से संबंधित सभी शाखाओं से संविदा कर्मचारियों को हटाकर नियमित आधार पर काम करने वाले ग्रुप ए, बी, सी और समकक्ष कर्मचारियों को सौंपा जाए।

## गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था पर हाईकोर्ट सख्त, नोटिस

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने गुरुवार को गुरुग्राम में साफ-सफाई और ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर कथित गंभीर अनियमितताओं पर दायर जनहित याचिका पर हरियाणा सरकार को नोटिस जारी किया। याचिका में कहा गया है कि गुरुग्राम की नागरिक व्यवस्था और सफाई की स्थिति ₹दयनीय₹ बनी हुई है, जबकि पिछले चार वर्षों में इस मद में करीब 1800 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं। यह याचिका गौतम दुआ द्वारा दायर की गई, जिसमें गुरुग्राम के तीन जोन में डोर-टू-डोर सालिड वेस्ट कलेक्शन के अनुबंधों को निरस्त करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि ये ठेके गैरकानूनी व मनमाने तरीके से दिए गए।


**GOVT. MIDDLE SCHOOL ASAWARPUR (3660) RAI**

### आवश्यकता है

राजकीय माध्यमिक विद्यालय, असावरपुर (3660) राई, सोनीपत में मिड-डे-मील कुक कम हैल्पर (महिला) के 2 पद रिक्त हैं।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला, असावरपुर (17980) 01-पद राजकीय माध्यमिक विद्यालय, असावरपुर, (3660) 01-पद गाँव की अनुसूचित जाति / पिछड़ा वर्ग / गरीबी रेखा से नीचे/विधवा महिला व जिसका बच्चा सरकारी विद्यालय में पढ़ाई करता है / करती है। उसको वरीयता दी जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशित होने से एक सप्ताह तक मान्य है। अधिक जानकारी के लिए स्कूल कार्यालय, असावरपुर में सम्पर्क करें।

ESHM Govt. Middle School
Asarwarpur (3660) Rai



## विज्ञापन

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के प्रावधानों के अनुसार कोई भी राजनैतिक दल भारत निर्वाचन आयोग के साथ पंजीकृत होता है। संज्ञान में यह आया है कि निम्नलिखित पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (RUPPs) द्वारा पिछले 06 वर्षों (वर्ष 2019 से) में कोई भी लोक सभा/विधान सभा आम चुनाव व उप चुनाव नहीं लड़ा गया है तथा राजनैतिक दल दिए गए पता पर वर्तमान में नही पाए गए हैं। इसलिए आयोग की हिदायतानुसार निम्न पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को आवश्यक कागजात / लिखित अभिवेदन जमा करवाने बारे तथा सुनवाई का मौका दिया जाता है।

| क्र. सं. | राजनैतिक दल का नाम | जिला | पता | आवश्यक कागजात/ लिखित अभिवेदन जमा करवाने की तिथि | सुनवाई की तिथि व समय | सुनावाई का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अपना राज फंट | झज्जर | मं० नं0 1096, सैक्टर-7, बहादुरगढ़, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 प्रातः 10:30 बजे | कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा, 30 बेज बिल्डिग, तृतीय तल. सैक्टर 17-बी. चण्डीगढ़ -160017 |
| 2 | बेरोजगार आदमी अधिकार पार्टी | फरीदाबाद | डी-2/329, शिव दुर्गा विहार, लक्कड़पुर, फरीदाबाद, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 प्रातः 11:00 बजे | |
| 3 | भारत (ईन्टीग्रेटीड) रक्षक दल | गुडगाव | नं० नं० 8-98, मेयफिल्ड गार्डन, सैक्टर-50, गुरुग्राम, हरियाणा-122018 | 20.07.2025 | 22.07.2025 प्रातः 11:30 बजे | |
| 4 | भारतीय जन हित विकास पार्टी | गुडगांव | 220, इन्द्रापूरी, जाकोबपूरा रोड़, गुडगांव, हरियाणा-122001 | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 12:00 बजे | |
| 5 | गुड़गांव रेजिडेन्ट पार्टी | गुडगांव | सी-1927, सुशांत लोक-1, गुड़गांव-122002, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 12:30 बजे | |
| 6 | हरियाणा जनरक्षक दल | सोनीपत | 249/3, पार्क रोड़, आदर्श नगर, गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 01:00 बजे | |
| 7 | हरियाणा कान्ति दल | कुरूक्षेत्र | बबैन रोड, लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 01:30 बजे | |
| 8 | हरियाणा स्वतन्त्र पार्टी | झज्जर | म०नं० 154, गांव व पोस्ट जखौदा, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 02:00 बजे | |
| 9 | हिन्द समदर्शी पार्टी | गुड़गांव | एफ-64. ग्लैक्सी अपार्टमेन्ट, सैक्टर-43, गुड़गावं, हरियाणा-122002 | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 02:30 बजे | |
| 10 | जनता उदय पार्टी | फरीदाबाद | 860, गली नं0 4, संजय इन्क्लेव, चाचा चौक, पर्वतीय कालोनी, एन०आई०टी०, फरीदाबाद, हरियाणा | 20.07.2025 | 22.07.2025 दोपहर 03:00 बजे | |
| 11 | कर्मा पार्टी | गुड़गांव | दुकान नं० 1. हुड्डा मार्किट, लेजर वैली पार्क, किंगडम ऑफ ड्रीम्स के विपरीत, सैक्टर-29, गुड़गांव, हरियाणा-122002 | 20.07.2025 | 23.07.2025 प्रातः 10:30 बजे | |
| 12 | लोक परिवर्तन पार्टी (डीसी) | पानीपत | भापरा रोड़, विपरीत पुलिस चौकी, जी०टी० रोड़, समालखा, जिला पानीपत, हरियाणा | 20.07.2025 | 23.07.2025 प्रातः 11:00 बजे | |
| 13 | मेरा गांव मेरा देश पार्टी | गुड़गांव | मं० नं0 142, गांव इस्लेगपुर, पोस्ट ऑफ साउथ सीटीना, गुड़गांव, हरियाणा-122018 | 20.07.2025 | 23.07.2025 प्रातः 11:30 बजे | |
| 14 | नेशनल जनहित कांग्रेस (एबी) | गुड़गांव | 043/5 प्यारे लाल बिल्डिंग, नजदीक सरकारी कॉलेज, महरौली रोड, गुड़गांव, हरियाणा | 20.07.2025 दोपहर 12:00 बजे | 23.07.2025 | |
| 15 | राष्ट्रीय आर्य राज सभा | रोहतक | 769/2. विजय पार्क, झंग कालोनी, रोहतक-124001, हरियाणा | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 12:30 बजे | |
| 16 | राष्ट्रीय बुजुर्ग शक्ति पार्टी | झज्जर | मं०नं0-144, गांव मांगावास, पोस्ट ऑफिस-पालरा, तहसील बेरी, जिला झज्जर, हरियाणा | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 01:00 बजे | |
| 17 | राष्ट्रीय कर्मयोग पार्टी | करनाल | गांव व पोस्ट ऑफिस सुल्तानपुर, तहसील नीलोखेडी, जिला करनाल, हरियाणा-132116 | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 01:30 बजे | |
| 18 | समरस समाज पार्टी | गुड़गांव | राजी जराई, मौजा-धमरोज, तहसील सोहना, जिला गुड़गांव, हरियाणा | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 02:00 बजे | |
| 19 | सेवा दल | रोहतक | 532 (ओपीपी-126-आर) सी.आर. कॉलेज रोड़, मॉडल टाउन, रोहतक-124001, हरियाणा | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 02:30 बजे | |
| 20 | सुशासन पार्टी | भिवानी | मं० नं0 558. गांव व डाक-बडसी, तहसील-बवानी खेड़ा, जिला भिवानी-127032, हरियाणा | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 03:00 बजे | |
| 21 | टोटल विकास पार्टी | गुड़गांव | सी-95, दुसरी मंजिल, अर्दी सीटी, सैक्टर-52, गुड़गांव, हरियाणा-122011 | 20.07.2025 | 23.07.2025 दोपहर 03:30 बजे | |

अतः उपरोक्त सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष / सचिव से अनुरोध है कि उक्त तालिका में दशार्ये गई तिथि अनुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें। यदि उक्त तिथियों तक राजनैतिक दल का कोई भी जवाब प्राप्त नही होता है तो यह मान लिया जाएगा कि राजनैतिक दल कुछ नहीं कहना चहता है तथा आयोग राजनैतिक दल को बिना सूचित किए आवश्यक आदेश पारित कर देगा।

संवाद-2270/11/1/2026/36208/सी/88/6 दि. 03.07.25 — हस्ताक्षर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा।


**प्रदेश के खेल और युवा मामलों के मंत्री गौरव गौतम से विशेष बातचीत**

# नर्सरियों की संख्या पांच साल में तीन हजार करेंगे, जल्द लॉन्च होगा खेल एप

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मंत्रिमंडल में खेल व युवा मामलों के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौरव गौतम की एंट्री को लेकर हर कोई चौका था, पहली बार विधायक और पहली ही बार में मंत्री बनने का गौरव हासिल हो गया। कुल मिलाकर आने वाले अक्टूबर में गौतम को मंत्री बने एक साल हो जाएगा। 37वां जन्म दिन मना रहे गौतम मंत्रिमंडल के सबसे युवा मंत्री चेहरे हैं। पलवल से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने और पहली बार में मंत्री बन गए। अपने विभाग और पार्टी संगठन, हलका क्षेत्र को लेकर क्या कर रहे हैं, हर सवाल पर गौरव ने खुलकर जवाब दिया है। हरियाणा के खेल युवा मामलों के मंत्री गौरव गौतम का कहना है कि उनका फोकस खेलों को लेकर मूलभूत ढांचा सुधार पर है। आने वाले वक्त में प्रदेश के अंदर नर्सरियों की संख्या में वृद्धि की जाएगी और हमारा लक्ष्य पांच साल के अंदर इनकी संख्या तीन हजार तक करने का है। गौतम ने कहा कि जल्द ही हम खेलो इंडिया एप लांच करने जा रहे हैं, जिसमें 37 हजार से ज्यादा खिलाड़ियों का पूरा ब्योरा होगा। उन्होंने बातचीत में कहा कि प्रदेश के अंदर नर्सरियों, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम सभी स्थानों से पूरे ब्योरा मंगा लिया गया है, मेरी प्राथमिकता पहले चरण में इनका मूलभूत ढांचा सुविधाओं में सुधार का है। अधिकांश में इस समय कामकाज कराया जा रहा है, मेंटेनेंस को लेकर अफसरों को साफ कर दिया गया है कि किसी भी तरह कोई दिक्कत खिलाड़ियों को नहीं आनी चाहिए। इस क्रम में 98 में कामकाज की प्रक्रिया जारी है, 35 के कामकाज अलाट कर दिए गए हैं।

**खेल महाकुंभ आयोजन हर जिले में**



हरियाणा में खेलो इंडिया राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ कराने की तैयारी है। इस बार यह दो चरणों में कराया जाएगा, पहले जहां 11 जुलाई से 13 तक होगा वहीं दूसरे चरण में 15 जुलाई से 17 जुलाई तक इसका आयोजन होगा। इस बारे में खेल महानिदेशक की ओर से प्रदेश के खेल और युवा मामलों के मंत्री के साथ साथ में प्रधानाचार्य मोतीलाल खेल स्कूल राई को लिखा गया है। मंत्री गौतम ने बताया कि 2025-26 में होने वाले महाकुंभ को लेकर और खेलों को बढ़ावा देने के लिए इस साल 26 खेलों में सीनियर श्रेणी में लड़के और लड़कियों का राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ होगा। इसमें बॉक्सिंग, बैडमिंटन, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, साइकिलिंग, फुटबाल, जिमनास्टिक, फेंनसिंग, कबड्डी खोखो, टेनिस, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, कुश्ती, वालीवाल, ताइक्वांडो, हैंडबाल क्रिकेट, नेटबाल आदि गेम कराए जाएंगे। मंत्री को अधिकारियों ने बताया कि हर जिले में लगभग 341 लड़रके और 334 लड़कियां हिस्सा लेंगी। दो जुलाई से चार जुलाई तक जिला स्तर पर ट्रायल के बाद चयन होगा।

**यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम की तैयारी** : मंत्री गौतम ने बताया कि कुरुक्षेत्र में अंतरराज्यीय प्रतियोगिताओं और यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी को बुलाने की तैयारी है। इस क्रम में सभी राज्यों को सूचना दे दी गई है।


## निविदा आमंत्रण सूचना (खाद्य सामग्री / मैश सुविधा)

जिला रेवाड़ी में आवासीय तलवारबाजी खेल अकादमी, राव तुलाराम स्टेडियम, रेवाड़ी के खिलाडियों को खाना देने के लिए रेट्स निर्धारित करने के लिए संबंधित फर्मों से दिनांक 03.07.2025 को 15:00 बजे से 11.07.2025 को 10.00 बजे तक etenders.hry.nic.in पर खाद्य सामग्री / मैश सुविधा के लिए निविदाएँ आमत्रिंत की जाती हैं। इच्छुक फर्म उक्त तिथि अनुसार निविदाएं भर सकती हैं व दिनांक 11.07.2025 को 11.00 बजे निविदाएं खोली जायेंगी, जिसके लिए डॉकोमेंट फीस 1000/- रूपये तथा प्रोसैशिंग फीस 1180/- रूपये होगी। टैण्डर की ई०एम०डी० 5000/- रूपये होगी।

हस्ता/- जिला खेल अधिकारी, रेवाड़ी।



## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नरवाना | जीन्द जिले में गांव गुरूसर में राजकीय पशु चिकित्सालय (जीवीएच) का निर्माण। | 02.07.2025 08.07.2025 | 33.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में घरौंडा निर्वाचन क्षेत्र में घरौंडा में एनसीसी अकेडमी (मेस ब्लॉक का बकाया कार्य) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 10.07.2025 | 206.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-kamal@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज, कैथल | गांव पाडला में महिला मंडल केन्द्र में बाथरूम और टॉयलेट का निर्माण + 2 कार्य। | 02.07.2025 07.07.2025 | 16.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416775366 kaithalsdopr@gmail.com |
| 4 | बागवानी विभाग हरियाणा, पंचकूला | बागवानी विभाग, हरियाणा द्वारा विभिन्न केन्द्रों/जीजीएनएस में ग्रीनहाउसेज की मरम्मत और ग्रीनहाउस मेटीरियल की आपूर्ति के लिए पैनल तैयार करने हेतु इच्छुक फर्मों से रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है। | 04.07.2025 21.07.2025 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 5 | लोनिवि भ व प, हिसार | हिसार में एयरपोर्ट स्टाफ के एक्मॉडेशन हेतु सिरसा रोड पर जीएलएफ में स्थित मुख्य अधीक्षक (श्रेणी-I) के लिए एक अदद आवास की विशेष मरम्मत (ई.आई. का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 02.07.2025 09.07.2025 | 6.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज, करनाल | खराब पानी के नाले के निर्माण हेतु विस्तृत आकलन (लोनिवि रोड से पंचायती भूमि तक)। | 02.07.2025 11.07.2025 | 6.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प, पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में आरडी 0.00 से 21.58 तक बामनीखेड़ा से हस्सनपुर रोड पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (आईडी 3457) (हैड-5054-ग्रुप-5 के तहत) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 14.07.2025 | 592.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प, पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा पलवल में हथीन निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न 2 अदद रोड के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत, एचएसएएमबी से लोनिवि को हस्तांतरित आरडी 0.00 से 3.55 कि.मी. तक हथीन से मानपुर (आईडी 12148) और आरडी 0.00 से 3.59 कि.मी. तक होडल कोट नूह रोड से रानियाला खुर्द (आईडी 3380) (हैड 5054-ग्रुप-13 के तहत) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 10.07.2025 | 413.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/160/36227/I/88/6 दि. 03.07.25

अमेरिका से डिपोर्ट मामले में कार्रवाई से हड़कंप

# सीबीआई का ट्रैवल एजेंट के घर छापा दूध के ड्रम्म से निकले 51 लाख रुपये

- अदालत के सर्च वारंट के आधार पर कार्रवई, आरोपी ट्रैवल एजेंट नहीं लगा हाथ
- नकद के अलावा 9 पासपोर्ट कुछ विदेशी मुद्रा भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। गांव सिकंदरा में ट्रैवल एजेंट अशोक कुमार के घर में तलाशी लेती सीबीआई की टीम व स्थानीय पुलिस टीम। फोटो: हरिभूमि

विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में कोर्ट के सर्च वारंट के आधार पर वीरवार को सीबीआई की टीम ने गांव सिकंदरा में एक ट्रैवल एजेंट के घर पर छापेमारी की। सीबीआई के डीएसपी अंकित शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के साथ की गई छापेमारी के दौरान ट्रैवल एजेंट के घर से सीबीआई ने 51 लाख रुपये नकद, 9 पासपोर्ट, कुछ विदेशी मुद्रा बरामद की। घर की अलमारी से बरामद हुए लाखों रुपये की राशि को सीबीआई की टीम ने एसबीआई बैंक के कर्मचारियों से गिनती करवाई और राशि को बैंक में जमा करवाया। जबकि घर का मालिक ट्रैवल एजेंट छापे के समय कहीं बाहर गया हुआ था। जिस कारण वह पुलिस की गिरफ्त में आने से बच गया। विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में गुरुवार की सुबह 8 बजे सीबीआई के डीएसपी अंकित शर्मा ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर गांव सिकंदरा के अशोक कुमार के घर पर रेड की। इस दौरान गांव के मौजूदा सरपंच राजेंद्र कुमार व पूर्व सरपंच गुरदेव सिंह चटठा पूरी कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद रहे। जिनके सामने पुलिस ने लगभग 6 से 7 घंटे घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान सीबीआई ने किसी को भी घर के अंदर नहीं आने दिया और न ही किसी को बाहर जाने दिया। पूरे तलाशी अभियान की सीबीआई ने वीडियो बनाई।

### नोटिस देकर सीबीआई के समक्ष पेश होने को कहा

घर की अलमारी से 2 बैगों व एक दूध की ड्रम्मी में रखे लगभग 51 लाख रुपये की नकद राशि बरामद की। वहीं पुलिस ने 9 पासपोर्ट, 3 डायरिया व अन्य सामान बरामद किया। पुलिस ने बरामद किए गए सामान को सील किया। घंटो तलाशी के दौरान सीबीआई ने घर के बेड, अलमारियां व घर के कोने कोने की गहनता से तलाशी ली। सूत्रों से पता चला है कि अशोक कुमार द्वारा अंबाला के एक व्यक्ति को यूएसए भेजा गया था। जिसे कुछ दिन पहले ट्रंप सरकार द्वारा भारत डिपोट किया गया था। जिसके बाद प्रभावित की शिकायत पर पुलिस ने अशोक कुमार के विरूद्ध कार्रवाई की है। अशोक कुमार लाडवा में बस स्टैंड के पास स्थित मार्केट में ट्रैवल एजेंट के तौर पर दुकान चलाता है। गांव में उसका एक पुराना घर है। जहां से पुलिस ने 51 लाख रूपये की नगद राशि बरामद की। सीबीआई ने रेड के बाद घर में मौजूद अशोक कुमार की माता, पत्नी व भाभी को नोटिस देकर अशोक कुमार को सीबीआई के समक्ष पेश होने की बात कही है।

गुहला की तहसील में कार्यरत रिश्वत मामले में आरोपी तहसीलदार पर एक्शन

# सरकार ने पहले आरोपी तहसीलदार का किया तबादला, फिर किया निलंबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका/कैथल

गुहला की तहसील में कार्यरत रिश्वत मामले में आरोपी तहसीलदार मंजीत मलिक का सरकार ने पहले तो तबादला कर दिया और फिर तबादला ऑर्डर के दो दिन बाद ही उसका निलंबन कर दिया। राजस्व विभाग ने गुरुवार को निलंबन का पत्र जारी किया। वहीं, आरोपी तहसीलदार गत फरवरी में जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए मांगी गई रिश्वत के एक मामले में नाम आने के बाद पिछले चार माह से फरार चल रहा है। जबकि इससे पहले मंजीत का ट्रांसफर कैथल के गुहला से तोशाम में कर दिया गया था। तहसीलदार पर 10 रुपये की टिकट के बदले 10 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप है। इस मामले में चीका में कार्यरत रजिस्ट्री क्लर्क को फरवरी में 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार भी किया गया था। रजिस्ट्री क्लर्क को किया था गिरफ्तार, तब नाम आया सामनेः

इसी साल फरवरी महीने में तहसीलदार पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया था। एसीबी ने दबिश दे क्लर्क को पकड़ा था, लेकिन इसकी भनक लगते ही तहसीलदार भाग गया। उस समय आरोपी की ड्यूटी सीवन के नगरपालिका चुनाव में बतौर सहायक रजिस्टार के तौर पर लगी थी, लेकिन वह उसे बीच में ही छोड़कर भाग निकला।

**की जा रही तलाश**

अंबाला एसीबी के डीएसपी मुकेश ने बताया कि इस रिश्वत केस में तहसीलदार भी नामजद है। फिलहाल वह फरार चल रहा है। ब्यूरो की टीमें तहसीलदार की तलाश कर रही हैं।

### डेबिट कार्ड बदल रुपये निकालने का आरोपित को भेजा जेल

**गुरुग्राम।** सेक्टर-50 थाना एरिया में डेबिट कार्ड बदलकर रुपए निकालने के आरोपी को पुलिस ने पलवल से काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत से एक दिन का पुलिस हिरासत रिमांड लेकर पूछताछ की और छह हजार रुपए की नगदी बरामद की। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दरअसल, सेक्टर-50 थाना में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि वह बीते वर्ष 17 जुलाई की रात करीब सवा नौ बजे सेक्टर-46 के हुडा मार्केट स्थित एटीएम बूथ पर रुपए निकालने के लिए गया था। तो कार्ड बदल लिया था।

## 28 को पठानकोट कैंट से दक्षिण भारत की यात्रा पर रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

दक्षिण भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों की यात्रा की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए भारत गौरव ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया है। यह विशेष रेलगाड़ी आगामी 28 जुलाई को दक्षिण भारत की दिव्य यात्रा पर रवाना हो रही है। 13 दिवसीय यह भव्य यात्रा पठानकोट कैंट स्टेशन से शुरू होगी और यात्रियों को तिरुपति, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन जैसे दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराएगी, जो आध्यात्मिक अनुभव, सुविधा और किफायती दरों का अनूठा संगम होगी। इस ट्रेन की शुरुआत पठानकोट कैंट स्टेशन से होगी। इसके प्रमुख बोर्डिंग पॉइंट में जालंधर सिटी, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, सोनीपत, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, आगरा कैंट और ग्वालियर शामिल हैं। कुल मिलाकर यह यात्रा 12 रात और 13 दिनों की होगी। जिसकी वापसी नौ अगस्त को तय की गई है। यात्रा के लिए तीन श्रेणियों में सीटें स्लीपर क्लास 640 सीटें, थर्ड एसी स्टैंडर्ड 70 सीटें, द्वितीय एसी कम्फर्ट 50 सीटें उपलब्ध हैं। वहीं किराया भी काफी किफायती रखा गया है।



## पांच हजार की रिश्वत लेने के आरोप में डीसी ऑफिस का कर्मी गिरफ्तार

- गत फरवरी में एसीबी की ओर से की गई दबिश हुई थी फेल, ड्यूटी मजिस्ट्रेट पर शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। एसीबी की टीम द्वारा काबू किया गया रिश्वत लेने का आरोपी।

एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला की टीम ने वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के एमए ब्रांच के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। उसने एक व्यक्ति से 28 जनवरी को जमीन के कागजात बनवाने की एवज में पांच हजार रुपए मांगे थे और रुपये लेने के लिए तीन फरवरी को अपने कार्यालय में बुलाया था। जब आरोपी कलायत तहसीलदार के तत्कालीन रीडर विजय चौहान को रुपये देने गया तो रेड की सूचना लीक होने के कारण दबिश फेल हो गई थी। बताया जा रहा है आरोपी ड्यूटी मजिस्ट्रेट का रिश्ते में भतीजा लगता है। ऐसे में शिकायतकर्ता को उस पर दबिश की सूचना लीक करने का शक हुआ। शिकायतकर्ता सिणंद गांव निवासी कर्ण सिंह ने एसीबी को शिकायत दी थी। पैसे मांगने की ऑडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली थी। 3 फरवरी को वह सुबह के समय एसीबी के कैथल कार्यालय में पहुंचा और रिश्वत मांगने की लिखित शिकायत दी।

### बहादुरगढ़ः बंद कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

- असल वजह अभी स्पष्ट नहीं

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के अशोक विहार में एक युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। युवक द्वारा फांसी लगाने की बात सामने आई है। असल वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। परिजनों के बयान पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उसी आधार पर पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी। मृतक की पहचान करीब 19 वर्षीय अभिषेक के रूप में हुई है। बिहार मूल का अभिषेक पिछले कुछ समय से यहां लाइनपार के अशोक विहार में अपने कुछ साथियों के साथ रह रहा था। पुराना औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। अस्पताल में मौजूद अभिषेक के साथियों ने बताया कि वह बुधवार को कंपनी में नहीं गया। जब हमारा एक साथी दोपहर को कमरे पर आया तो अंदर से दरवाजा बंद था। फिर खिड़की से देखा तो अभिषेक अंदर फंदे पर लटका हुआ।

### गुरुग्रामः 10वीं की छात्रा ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

- मानसिक बीमारी की दवा ले रही थी छात्रा

**गुरुग्राम।** शहर के सेक्टर-14 एरिया में मानसिक रूप से बीमार दसवीं कक्षा की छात्रा ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। छात्रा स्कूल से घर आई थी। इस दौरान उसकी मां घर पर नहीं थी और पिता ड्यूटी पर गए थे। मौके पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। 15 वर्षीय किशोरी एक निजी स्कूल में दसवीं कक्षा की छात्रा थी। परिजनों ने बताया कि वह काफी समय से बीमार चल रही थी। उसका इलाज कराया जा रहा था। कल जब उसके पिता ड्यूटी पर गए थे और मां भी किसी काम से गई थी। छात्रा स्कूल गई हुई थी। स्कूल से घर आने के बाद जब घर पर कोई नहीं था तो छात्रा ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अंबालाः नागरिक अस्पताल में भ्रूण लिंग जांच रेकैट पकड़ा

## मरीज भेजकर 60 हजार के साथ दो कर्मचारी दबोचे


- कुरुक्षेत्र की टीम ने आरोपियों को किया काबू, केस दर्ज के बाद पुलिस ने लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। भ्रूण लिंग जांच के आरोपी।

अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में भ्रूण लिंग जांच के गैरकानूनी रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। कुरुक्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग की की विशेष टीम ने यहां एक डिकॉय मरीज भेजकर रेड के बाद रैकेट का भंडाफोड़ किया है। जांच टीम ने अस्पताल के दो कर्मचारियों को काबू किया है। वे अल्ट्रासाउंड रूम महिला के गर्भ में भ्रूण लिंग की जांच करा रहे थे। गुरुवार सुबह 10 बजे शुरू हुई छापेमारी में अस्पताल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सागर और एक अन्य व्यक्ति रज्जी को 60 हजार रुपये नकद सहित मौके पर गिरफ्तार किया गया। कुरुक्षेत्र के डॉक्टर ऋषि, डॉ. गौरव वी डॉ. राजीव टीम की टीम ने तीन घंटे तक चली जांच के दौरान दोनों आरोपियों को अल्ट्रासाउंड रूम से भ्रूण लिंग जांच करते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। इससे पहले जांच के लिए टीम ने एक डिकॉय मंजू को तैयार किया था। आरोपियों ने मंजू को पहले अंबाला कैंट बस स्टैंड और फिर फुटबॉल चौक पर बुलाया था। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाकर अवैध गतिविधि को अंजाम देने की कोशिश की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। पकड़े जाने के बाद आरोपियों से पुलिस ने 60 हजार रुपये की नकदी जब्त की है। पुलिस ने आरोपी सागर से 32 हजार और रज्जी से 28 हजार रुपए बरामद किए हैं। अब विभागीय जांच भी की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित विधायक अरोड़ा बने कैबिनेट मंत्री



**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की ओर से पिछले तीन वर्षों में सातवां मंत्रिमंडल फेरबदल किए जाने के बाद लुधियाना पश्चिम से नवनिर्वाचित विधायक संजीव अरोड़ा को बृहस्पतिवार को कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किया गया।

### ईडी ने पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से पूछताछ की

**नई दिल्ली(भाषा)।** दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के कुछ सीवेज शोधन संयंत्रों के विस्तार में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।



### दोहरा हत्याकांडः पूर्व सांसद धनंजय सिंह बरी

**जौनपुर (उप्र)।** जौनपुर की एक स्थानीय अदालत ने दो लोगों की हत्या से जुड़े 15 साल पुराने एक मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि जौनपुर के केराकत थाना क्षेत्र के बेलाव घाट पर ठेकेदारी के विवाद को लेकर एक अप्रैल 2010 की सुबह संजय निषाद व नंदलाल निषाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### जैकलीन को झटका प्राथमिकी रद्द नहीं होगी

**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया है। सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में फर्नांडीज भी आरोपी हैं। वह ईडी के समक्ष पेश हो चुकी हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने जैकलीन फर्नांडीज की याचिका को खारिज कर दिया।

### सोशल मीडिया का दुरुपयोग फैशन बन गया हैः अदालत

**प्रयागराज (भाषा)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री और भारतीय सेना के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा है कि लोगों के कुछ समूहों के बीच अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में सोशल मीडिया का दुरुपयोग करना एक फैशन बन गया है।

---

11 दलों के नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्तों से की थी मुलाकात

# बिहार में पुनरीक्षण कवायद का विवरण सभी राजनीतिक दलों को दिया : ईसी

आयोग बोला-सभी पात्रों को सूची में शामिल करने के लिए प्रक्रिया योजनाबद्ध और चरणबद्ध तरीके से की जा रही।




भाषा ▶▶| नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण पर कई राजनीतिक दलों द्वारा अपनी चिंता जताए जाने के बाद बृहस्पतिवार को कहा कि उसने विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों को उनकी आशंकाओं को दूर करने के मकसद से पूरी कवायद के बारे में ब्यौरा दे दिया है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन समेत 11 दलों के नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और अन्य चुनाव आयुक्तों से मुलाकात की थी और राज्य में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले किए जा रहे विशेष पुनरीक्षण को लेकर आपत्ति जताई थी। आयोग ने राजनीतिक दलों से कहा कि सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए यह प्रक्रिया योजनाबद्ध और चरणबद्ध तरीके से की जा रही है। पहले चरण में, 25 जून से 3 जुलाई तक, बिहार में लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं को गणना प्रपत्र मुद्रित करके वितरित किए जा रहे हैं। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी लगभग 78,000 बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से मौजूदा रिकॉर्ड के आधार पर आंशिक रूप से पहले से भरे हुए फॉर्म उपलब्ध करा रहे हैं।

### एसआईआर से यह सुनिश्चित होगा कि सभी पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल हों: सीईसी

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विवाद के बीच मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित होगा कि सभी पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल हों। उन्होंने यह भी कहा कि 22 वर्ष के अंतराल के बाद किया जा रहा पुनरीक्षण सभी राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी के साथ तय कार्यक्रम के अनुसार जारी है। कई विपक्षी दलों ने दावा किया है कि इस प्रक्रिया से कई लोग मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। विक्षी दलों के इस दावे के बीच सीईसी ने गहन पुनरीक्षण का बचाव किया।

कांग्रेस ने कसा तंज

### आयोग को अपने भवन में बैठने की क्या जरूरत और भाजपा मुख्यालय में बैठे





नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला बोला और उस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'गुलामी करने' तथा प्रदेश के 20 प्रतिशत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश रचने का आरोप लगाया। मुख्य विपक्षी दल ने आयोग के शीर्ष पदाधिकारियों पर निशाना साधते हुए यह तंज भी कसा कि उन्हें निर्वाचन भवन में बैठने की क्या जरूरत है, उन्हें भाजपा मुख्यालय की एक मंजिल पर बैठना चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण के मुद्दे पर जब बुधवार शाम 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेता आयोग पहुंचे तो वहां उनके साथ "मनमाना रवैया" दिखाया गया। उन्होंने कहा कि इस संवैधानिक संस्था का ऐसा व्यवहार लोकतंत्र की बुनियादी संरचना को कमजोर करता है। रमेश ने कहा कि आखिर इस आयोग के अभी कितने 'मास्टर स्ट्रोक' देखने बाकी हैं।

#### मुलाकात के लिए दो घंटे तक प्रतीक्षालय में बैठे रहे

रमेश ने दावा किया कि प्रत्येक दल से सिर्फ दो प्रतिनिधियों को ही मिलने की अनुमति दी गई जिससे कई नेता आयोग के सदस्यों से मुलाकात नहीं कर सके तथा वह स्वयं लगभग दो घंटे तक प्रतीक्षालय में बैठे रहे। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि आयोग ने सभी दलों के दो-दो प्रतिनिधियों से मिलने का फैसला किया ताकि सभी के विचारों को सुना जा सके। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि हम सभी के पास वोट देने का एक महत्वपूर्ण अधिकार है, जिसके ऊपर साजिशन चोट करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग मोहरा है।

---



## समिक पश्चिम बंगाल भाजपा के नए अध्यक्ष निर्वाचित

भाषा ▶▶| कोलकाता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य को बृहस्पतिवार को पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई का नया अध्यक्ष आधिकारिक रूप से घोषित किया गया और वह 2026 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने इस चुनाव को राज्य की संस्कृति और बहुलवाद को तृणमूल कांग्रेस के "भ्रष्ट कुशासन' से बचाने की लड़ाई बताया। भट्टाचार्य को निर्विरोध चुना गया, क्योंकि बुधवार की समयसीमा तक किसी भी अन्य उम्मीदवार ने इस पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया था। यहां 'साइंस सिटी' में एक अभिनंदन समारोह के दौरान यह औपचारिक घोषणा की गयी। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद मौजूद थे, जिन्होंने भट्टाचार्य को निर्वाचन का प्रमाणपत्र दिया। भट्टाचार्य ने बुधवार दोपहर को सॉल्ट लेक स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में निवर्तमान अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।

### तृणमूल की हार निश्चित

समिक ने अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को दिए पहले संबोधन में कहाकि बंगाल में हमने ऐसी स्थिति से शुरुआत की, जहां यह मान लिया गया था कि हमारा अस्तित्व नहीं है। लेकिन, हमने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। आज, इस राज्य की जनता ने हमें एक मुकाम दिया है। तृणमूल कांग्रेस की हार निश्चित है। बंगाल की जनता ने भ्रष्ट तृणमूल सरकार के इस कुशासन को अगले विधानसभा चुनावों में समाप्त करने का मन बना लिया है। भट्टाचार्य ने 2026 के विस चुनाव को 'बंगाल की संस्कृति, बहुलता और विरासत की लड़ाई' बताते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल शासन में इन मूल्यों को खतरा है। पश्चिम बंगाल में भाजपा अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं, बल्कि हिंसा और साम्प्रदायिकता की राजनीति के खिलाफ है।

---

कर्नाटक में घमासान, फिर भी 'शान'

## 'सिद्धारमैया' ने एएसपी को थप्पड़ मारने की कोशिश की

अफसर हो गया नाराज मांगा रिटायरमेंट



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक में इन दिनों सियासी भूचाल है। मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर घमासान मचा है। इस बीच, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की एक पुरानी घटना को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मंच पर उन्हें एक पुलिस अफसर को थप्पड़ मारने के लिए हाथ उठाते हुए देखा गया था। अब उसी पुलिस अधिकारी ने सरकार से रिटायरमेंट की मांग की है। इस घटना के बाद एएसपी नारायण बरमणि आहत हुए। उन्होंने खुद को अपमानित महसूस किया और फैसला लिया कि अब वो पुलिस की नौकरी नहीं करना चाहते। नारायण बरमणि पिछले 31 सालों से पुलिस विभाग में सेवा दे रहे हैं और अभी रिटायरमेंट में 4 साल बाकी है, लेकिन उन्होंने सरकार को पत्र भेज दिया और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) की मांग की।

### सरकार मनाने में जुटी

एएसपी नारायण बरमणि के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस ) की मांग ने अब सियासी और प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी ) नारायण बरमणि के वीआरएस के फैसले के बाद कर्नाटक सरकार ने उन्हें मनाने की कवायद शुरू कर दी है। सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के निर्देश पर गृह मंत्री जी. परमेश्वर और संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने नारायण बारमणि से बात की है। उन्हें उनके गृह जिले बेलगावी में डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (डीसीपी) की पोस्ट ऑफर की गई है। हालांकि, नारायण अभी भी वीआरएस लेने के अपने फैसले पर अड़े हुए हैं।

---

## आम आदमी पार्टी बिहार में विस चुनाव अकेले लड़ेगी : केजरीवाल

भाषा ▶▶| अहमदाबाद



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी कड़ी में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने गुरुवार, 3 जुलाई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आम आदमी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी और किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। केजरीवाल ने साफ किया कि इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनावों तक सीमित था, और उसका विस्तार बिहार विधानसभा चुनावों तक नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'हम बिहार की जनता के बीच जाएंगे और बदलाव की राजनीति लेकर सामने आएंगे।'

### साल के आखिर में होंगे चुनाव

बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लिए चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2025 में होने की संभावना है। हालांकि, अभी तक चुनाव आयोग ने तारीखों की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

### इन मुद्दों पर लड़ेगी चुनाव

आम आदमी पार्टी के बिहार चुनाव लड़ने का फैसला राज्य की राजनीति में नया मोड़ ला सकता है। केजरीवाल की पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर अपने मॉडल के जरिए बिहार में वोटरों को लुभाने की कोशिश करेगी। आप का यह कदम सीधे तौर पर राजद, जेडीयू और बीजेपी जैसी बड़ी पार्टियों की रणनीति को प्रभावित कर सकता है। अब देखना होगा कि आम आदमी पार्टी बिहार के सियासी मैदान में कितनी पकड़ बना पाती है।

---

आरोपित की बार काउंसिल से सदस्यता रद्द

## कोलकाता गैंगरेप मामले में ममता सरकार से रिपोर्ट तलब की

भाषा ▶▶| कोलकाता

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को एक विधि कॉलेज में सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच की प्रगति पर एक हलफनामा दाखिल करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को 10 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई पर उसके समक्ष जांच की केस डायरी भी पेश करने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति स्मिता दास डे भी शामिल थीं। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में 25 जून की शाम को कानून की एक छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म किए जाने के मामले में तीन जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। मुख्य आरोपी कॉलेज का भूतपूर्व छात्र है और संस्थान का संविदा कर्मचारी भी है।

### कलकता हाईकोर्ट का आदेश, चुनाव तक छात्रसंघ कार्यालयों पर ताला लगाएं

**कोलकाता (भाषा)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को आदेश दिया कि पश्चिम बंगाल के जिन महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव लंबित हैं वहां बन छात्र निकाय कार्यालय को बंद रखा जाए। अदालत ने छात्रसंघ कक्षों के अंदर सभी प्रकार की मनोरंजक गतिविधियों पर रोक लगाते हुए निर्देश दिया कि इन कमरों का उपयोग आधिकारिक उद्देश्यों के लिए, यदि अत्यंत आवश्यक हो, तो विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार या संबंधित संस्थान के प्रधानाचार्य से लिखित अनुमति के बाद ही किया जा सकता है। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली पीठ ने 25 जून की शाम को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के परिसर में प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के संबंध में दायर जनहित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान आदेश पारित किया।

### मुख्य आरोपी ने उगला सच, छात्रा को दी थी वीडियो वायरल की धमकी



**कोलकाता(एजेंसी)।** लॉ कॉलेज में विधि छात्रा से दुष्कर्म मामले में मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा ने बड़ा सच उजागर किया है। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि हमने छात्रा को दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी। हमें लगा कि छात्रा इस डर से पुलिस के पास नहीं जाएगी। इसके बाद मैंने कुछ दोस्तों से कॉलेज के पास बने पुलिस स्टेशन पर नजर रखने के लिए कहा था।

#### इसके बाद सभी कैंपस चले गए

24 साल की लॉ की छात्रा के साथ 25 जून को कोलकाता के कस्बा इलाके के साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया था। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा था कि उसने अपने पिता से इस भयावह अपराध के बाद उसे कॉलेज से ले जाने के लिए कहा था। कुछ ही देर बाद मनोजीत और सह-आरोपी प्रमित मुखोपाध्याय और जैब अहमद कैंपस से चले गए।

---

## अमरनाथ में पहली आरती, जम्मू से दूसरा जत्था रवाना



**श्रीनगर(भाषा)।** गुरुवार से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत हो गई है। गुरुवार सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गई। वहीं, पहला जत्था बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप से रवाना अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान श्रद्धालु 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारे लगाते रहे। पहले जत्थे में केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे भी तीर्थयात्रियों के साथ शामिल थीं। कड़ी सुरक्षा के बीच 5,200 से अधिक तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था गुरुवार को जम्मू के आधार शिविर से रवाना हुआ, जो दोपहर 2 बजे पहलगाम बेस कैंप पहुंच गया। दूसरे जत्था भी अमरनाथ गुफा के लिए रवाना किया गया। बुधवार को 5,892 श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को जम्मू के भगवती नगर कैंप से उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रवाना किया था।

---

किसान की दयनीय हालत देख लोग सहम गए

## बुजुर्ग ने पत्नी के साथ मिलकर खुद जोता खेत

एजेंसी ▶▶| लातूर

महाराष्ट्र के लातूर जिले से एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसे देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। इस वायरल क्लिप में 75 साल का एक बुजुर्ग किसान अपनी पत्नी के साथ बैल की तरह खुद को हल में जोतकर खेत की जुताई करता नजर आ रहा है।

यह वीडियो न सिर्फ गांवों में फैली गरीबी की भयावह स्थिति को उजागर करता है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करता है कि क्या वास्तव में हम 'विकसित भारत' की ओर बढ़ रहे हैं?



### दो वर्षों से कर रहे ऐसी मेहनत

यह दृश्य लातूर के एक गांव का है। बुजुर्ग किसान अंबादास पवार और पत्नी मुक्ताबाई पिछले 2सालों से खेतों की बुआई खुद से कर रहे हैं। उनके पास बैल के लिए पैसे नहीं हैं, ऐसे में यह दंपती मजबूरी में खुद ही बैल बनकर खेत जोतते हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि अंबादास पवार कंधे पर हल का पट्टा लटकाए हुए आगे चल रहे हैं और उनकी पत्नी खेत के पीछे से हल चला रही हैं।

---

राहुल का महाराष्ट्र सरकार पर निशाना

## तीन महीनों में 767 किसानों ने की आत्महत्या, सरकार चुप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को महाराष्ट्र में बढ़ती किसान आत्महत्याओं को लेकर केंद्र पर हमला बोला। राहुल ने कहा, महाराष्ट्र में केवल तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली, जो न केवल एक आंकड़ा है, बल्कि 767 उजड़े हुए परिवारों की त्रासदी है। उन्होंने सरकार की बेरुखी और चुप्पी की कड़ी आलोचना की, साथ ही किसानों की बदहाली के लिए केंद्र की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। राहुल के पोस्ट के जवाब में भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने एक चार्ट साझा किया, जिसमें दावा किया गया कि 15 साल के कांग्रेस-एनसीपी शासन के दौरान महाराष्ट्र में 55 हजार 928 किसानों ने आत्महत्या की।



भाजपा ने याद दिलाया कांग्रेस शासनकाल में 55 हजार 928 किसानों ने की थी आत्महत्या

---

जस्टिस वर्मा को हटाने की कवायद शुरू

## आमराय बनाने की कोशिश केंद्र ने की सभी दलों से बात

सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने उन्हें दोषी माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट में न्यायाधीश रहते जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से भारी मात्रा में जले हुए नोट मिलने के मामले में सरकार बड़ा फैसला लेने पर विचार कर रही है। जस्टिस वर्मा को पद से हटाए जाने को लेकर सरकार की सभी दलों से बात हुई। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट की इंटरनल कमेटी ने भी अपनी जांच में पाया कि उन्हें हटाने की सिफारिश की जाए।

जस्टिस वर्मा को लेकर सरकार आम सहमति बनाने की कोशिश में लगी है। बात करने के बाद जल्द ही हटाए जाने को लेकर प्रस्ताव लाया जा सकता है। सभी दलों से बात करके सांसदों के हस्ताक्षर लिए जाएंगे। हालांकि अभी तय नहीं हो सका है कि इनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लोकसभा में लाना है या फिर राज्यसभा में।

### प्रस्ताव पर जल्द ही सांसदों के हस्ताक्षर लिए जाएंगे : रीजीजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी दलों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और इस संबंध में सांसदों के हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है।

---

महाराष्ट्र में भाषा के नाम पर तेजी से बढ़ी हिंसा, मराठी नहीं बोलने पर हो रही है जमकर पिटाई

## मनसे के कार्यकर्ताओं ने दुकानदार से कहा- मराठी आती है, वह बोला-सिखा दो, तो कर दी 'थप्पड़ों की बरसात'

इस घटना के विरोध में भयंदर का बाजार बंद रहा | मनसे कार्यकर्ताओं ने कहा कि सबक सिखाते रहेंगे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र में इन दिनों एक खतरनाक ट्रेंड देखने को मिल रहा है। अगर मराठी नहीं आती, तो पिटाई पक्की है। राज्य के कई हिस्सों से ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं जहां सिर्फ इसलिए लोगों को मारा-पीटा जा रहा है क्योंकि उन्हें मराठी बोलनी नहीं आती। मनसे के कार्यकर्ताओं ने मीरा रोड भयंदर में एक गुजराती दुकानदार ने उनसे पूछा था कि मराठी बोलना जरूरी क्यों है? इसके जवाब में कार्यकर्ता उससे कहते हैं कि ये महाराष्ट्र है, इसलिए यहां मराठी बोलना ही होगा। इस पर दुकानदार ने कहा कि सिखा दो। इतना सुनना था कि मनसे के कार्यकर्ताओं ने दुकानदार पर थप्पड़ों की बरसात कर दी। इस मामले में 7 लोगों को नामजद किया गया।




### पूर्व सांसद के समर्थकों ने भी धुनाई की

इससे पहले ठाणे से मामला सामने आया था। वीडियो में दिखाई देने वाला शख्स कोई आम व्यक्ति नहीं, बल्कि शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता और पूर्व सांसद रंजन विचारे हैं। वीडियो में रंजन विचारे और उनके समर्थक दुकानदार के साथ मारपीट करते हुए साफ नजर आ रहे हैं। आरोपियों ने इस दुकानदार पर हमला सिर्फ इसलिए किया क्योंकि वह मराठी में बातचीत नहीं कर पाया।

# महिला क्रिकेट टी20: इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| लंदन


पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे चल रही है। भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी20 श्रृंखला में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर।

यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है। भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

### उपकप्तान स्मृति मंधाना शानदार फार्म में

उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में शतक बनाया तो हरलीन देओल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरे मैच में अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाकर टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा और उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। अब सभी की निगाहें बड़े शॉट लगाने वाली सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर टिकी हैं, जो अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगी। टीम में वापसी करने वाली शेफाली ने पहले दो मैच में कुल मिलाकर 23 रन बनाए हैं।
अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में नहीं खेल पानी वाली कप्तान हरमनप्रीत ने दूसरे मैच में केवल दो गेंद का सामना किया और वह भी मैदान पर कुछ समय बिताना चाहेंगी।



### गेंदबाजी में चमकी श्री चरणी

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की अनुपस्थिति में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी अपनी पहली सीरीज में ही स्टार खिलाड़ी बनकर उभरी हैं। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने छह विकेट चटकाए हैं और उनका इकॉनमी रेट भी सबसे अच्छा रहा है। इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ी समस्या सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले और डैनी व्याट-हॉज का अच्छी शुरुआत नहीं दे पाना है। उसकी गेंदबाजी भी औसत दर्जे की रही है।

# अल्काराज का विजय अभियान जारी शीर्ष खिलाड़ियों में सबालेंका आगे बढ़ी

लंदन (एजेंसी)। दो बार के विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा, जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं। अल्काराज ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालीफायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है।



### सबालेंका ने बुजकोवा को हराया



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुजकोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। वह अब 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू का सामना करेंगी। राडुकानू ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में छठी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से पराजित किया।

**फ्रिट्ज लगातार दूसरी बार जीते:** पुरुष एकल में ही पांचवी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की। लेकिन 12वें नंबर के फ्रांसेस टियाफो भी बाहर होने वाले वरीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए।

## खबर संक्षेप



### क्लासिकल शतरंज खेलना मुश्किल

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे हैं, जिसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है, जो लंबे समय तक लंबे प्रारुप में खेलने से आती है।पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम क्लासिकल मैच खेले हैं जबकि इनका ध्यान फ्रीस्टाइल, रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर रहा है।

### हितेश गुलिया और साक्षी पहुंचे सेमीफाइनल में

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** हितेश गुलिया और साक्षी ने विश्व मुक्केबाजी कप के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए दो और पदक पक्के किए। इस साल के शुरू में ब्राजील चरण के स्वर्ण पदक विजेता हितेश ने पुरुषों के 70 किग्रा क्वार्टरफाइनल में कजाखस्तान के अल्माज ओरोजबेकोव पर 5-0 से जीत दर्ज की। महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में साक्षी ने ब्राजील की तातियाना रेजिना डि जीसस चागास को सर्वसम्मत फैसले में शिकस्त दी। वहीं बुधवार को मीनाक्षी (48 किग्रा) और पूजा रानी (80 किग्रा) के अलावा संजू (60 किग्रा) ने सेमीफाइनल में पहुंचकर पोडियम में स्थान पक्के किए।



### श्रीकांत कनाडा ओपन सुपर 300 के क्वार्टरफाइनल में


**कालगैरी।** भारतीय शटलर किदाम्बी श्रीकांत ने बृहस्पतिवार को यहां चीनी ताइपे के वांग पो वेई पर सीधे गेम में जीत के साथ कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता और 2022 थॉमस कप विजेता श्रीकांत ने दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी वांग को 21-19, 21-12 से शिकस्त दी। इस साल मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत का सामना अब चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ टिएन चेन से हो सकता है।

## टेस्ट क्रिकेट: भारत ने बनाए 587 रन, इंग्लिश टीम का स्कोर 77/3

# शुभमन ने जड़ा दोहरा शतक, खेली सबसे बड़ी कप्तानी पारी, बॉलरों पर ढाया कहर

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

कप्तान शुभमन गिल के रिकॉर्ड दोहरे शतक से पहली पारी में 587 रन बनाने के बाद इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 77 रन करके भारत ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां अपना पलड़ा भारी रखा। गिल ने 387 गेंद में 30 चौकों और तीन छक्कों से 269 रन की पारी खेलने के अलावा रविंद्र जडेजा (89 रन, 137 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) के साथ छठे विकेट के लिए 203 और वाशिंगटन सुंदर (42) के साथ सातवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी कल 87 रन की पारी खेली थी। गिल ने इंग्लैंड में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के मामले में महान सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। वह इंग्लैंड में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले एशियाई कप्तान भी बने।




### गिल ने विराट का रिकॉर्ड तोड़ा

150वां रन बनाते ही शुभमन गिल ने विराट कोहली का बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर अभी तक सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था। 2018 के दौरे पर विराट के बल्ले से यहां 149 रनों की पारी निकली थी। शुभमन गिल इस मैदान पर 269 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। 387 गेंद पर गिल ने अपने 269 रन पूरे किए थे।

### दिग्गजों कप्तानों की सूची में हुए शामिल

गिल ने अपना दोहरा शतक पूरा करने के लिए 311 गेंदों का सामना किया। वह भारत के लिए दोहरा शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में एमएके पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के साथ शामिल हो गए। विराट कोहली के नाम भारत के लिए कप्तान के रूप में सात दोहरे शतक जड़ने का रिकॉर्ड है। गिल से पहले एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देश में किसी भारतीय कप्तान की ओर से बनाया गया सर्वोच्च स्कोर 192 रन था, जो मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। इससे पहले मैनचेस्टर में 1990 में अजहरुद्दीन के बनाए गए 179 रन इंग्लैंड में किसी भारतीय कप्तान की ओर से बनाया गया सर्वोच्च स्कोर था। गिल सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ की महान जोड़ी के बाद यहां दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज हैं।

# नोवाक जोकोविच ने जीत के साथ विंबलडन में एक और रिकॉर्ड बनाया



**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने बुधवार को सेंटर कोर्ट पर डैन इवांस पर 6-3, 6-2, 6-0 की जीत के साथ 19वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचकर एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जोकोविच ने विंबलडन में कुल मिलाकर 99वां मैच जीता और तीसरे दौर में 19वीं बार जगह बनाई जो ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। महान खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में प्रवेश किया था। हालांकि यह 38 वर्षीय जोकोविच के लिए शायद ही कोई प्रतिष्ठित रिकॉर्ड है जिनके नाम सात विंबलडन सहित कुल 24 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं जो पुरुष खिलाड़ियों के बीच रिकॉर्ड है। जोकोविच ने कहा, ''उन्नीस बार, यह एक शानदार आंकड़ा है। यह शायद (यानिक) सिनर और (कार्लोस) अल्कारेज की उम्र के बराबर है।'' पिछले दो विंबलडन फाइनल में जोकोविच को हराने वाले अल्कारेज 22 जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर 23 साल के हैं। महिल एकल में सातवीं वरीय मीरा आंद्रीवा और 10वीं वरीय ऐमा नवारो ने सीधे सेट में जीत दर्ज की।

# लोनाटो विश्व कप में हिस्सा लेंगे भारत के शॉटगन निशानेबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन अंगद वीर सिंह बाजवा, लक्ष्य श्योराण और मैराज अहमद खान जैसे अनुभवी निशानेबाजों की अगुआई में भारतीय दल रविवार से इटली के लोनाटो में होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में हिस्सा लेगा। शनिवार को अभ्यास के दिन के बाद स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला वर्गों में क्वालीफाइंग दौर में सबसे पहले निशाना लगाएंगे। इस स्पर्धा का फाइनल मंगलवार को होगा। बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका और मैराज पुरुष स्कीट स्पर्धा में भाग लेंगे जबकि महिला वर्ग में ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों के साथ गनीमत सेखों चुनौती पेश करेंगी। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता लक्ष्य, जसविंदर सिंह और जोरावर संधू पुरुष ट्रैप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में नीरू ढांडा, प्रीति रजक और प्रगति दुबे निशाना साधेंगी। मिश्रित टीम ट्रैप में लक्ष्य नीरू के साथ जोड़ी बनाएंगे जबकि संधू और प्रीति की जोड़ी होगी। कोच विक्रम चोपड़ा ने कहा, 'टीम पूरी तरह से तैयार है और कड़ा प्रशिक्षण ले रही है। एथेंस में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले यह आखिरी विश्व कप चरण होगा और यह महत्वपूर्ण है कि चीजें सही समय पर सही दिशा में आगे बढ़ें।' प्रतियोगिता में 73 देशों के 551 निशानेबाज हिस्सा लेंगे।



### भारतीय टीम

- ▶▶ **स्कीट (पुरुष):** अंगद वीर सिंह बाजवा, अनंतजीत सिंह नरुका, मैराज अहमद खान।
- ▶▶ **स्कीट (महिला):** माहेश्वरी चौहान, रेजा ढिल्लों, गनीमत सेखों।
- ▶▶ **ट्रैप (पुरुष):** लक्ष्य श्योराण, जसविंदर सिंह, जोरावर सिंह संधू।
- ▶▶ **ट्रैप (महिला):** नीरू ढांडा, प्रीति रजक प्रगति दुबे।
- ▶▶ **ट्रैप मिश्रित:** लक्ष्य श्योराण और नीरू ढांडा तथा जोरावर संधू और प्रीति रजक।

**अंपायरों के फैसले भारत के पक्ष में जाने से वोक्स निराश: बर्मिंघम।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अंपायरों के कुछ फैसले भारत के पक्ष में जाने के बाद वह निराश हो गए थे। वोक्स अपनी शानदार लाइन और लेंथ के साथ मेजबान टीम के लिए सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए और उन्होंने पहले दिन 18 ओवर में 59 रन देकर दो विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी पर इंग्लैंड ने दो रिव्यू लिए जिन पर तीसरे अंपायर का फैसला भारत के पक्ष में गया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक | एमडीयू रोहतक में सौन्दर्यकरण हेतु गेट नं. 1 से स्वामी दयानंद चौक तक रोड पर मौजूदा जल निकाय का पुनरोद्धार। | 30.06.2025 17.07.2025 | रु. 16.78 लाख | https://mdu.ac.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36198/1/88/6 दि. 03.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा | खरल के निकटवर्ती गांवों से एसआरडी रीजनल सेंटर/कन्या गुरुकुल सीनि. स्कूल, खरल (नरवाना), जीन्द के विद्यार्थियों के परिवहन हेतु बसें चलाने के लिए प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्टर्स / फर्मों / बस सेवा प्रदाताओं/समिति से 2 बोली प्रणाली में मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। | 03.04.2025 23.07.2025 | -- | www.bpsmv.ac.in | 1684273001 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36221/1/88/6 दि. 03.07.25

# कार्लसन और वेस्लो सो के साथ गुकेश ने हासिल की संयुक्त बढ़त



**जगरेब (क्रोएशिया)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश लगातार दो जीत से ग्रैंड शतरंज टूर के अंतर्गत सुपर यूनाईटेड रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के पहले तीन दौर के समाप्त होने के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, पोलैंड के डुडा जान-क्रिस्तोफ और अमेरिका के वेस्ले सो के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। गुकेश ने दिन की शुरूआत डुडा के खिलाफ हार से की लेकिन फिर उन्होंने फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को पराजित करके हमवतन आर प्रज्ञानानंदा को भी शिकस्त दी। इससे उनके संभावित छह में से चार अंक हो गए। वहीं कार्लसन ने वेस्ले सो को हराया जबकि स्थानीय स्टार इवान सारिचज और डुडा के खिलाफ दो बाजियां बराबर कीं। गुकेश के अलावा वेस्ले सो एकमात्र खिलाड़ी रहे जिन्होंने निर्णायक बाजियां खेलीं। उन्होंने हमवतन फैबियानो कारूआना और हालैंड के अनीष गिरी को पराजित किया। वहीं फॉर्म में चल रहे प्रज्ञानानंदा के लिए दिन मुश्किलों भरा रहा, उन्होंने फिरौजा और उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुस्तारोव से ड्रॉ खेला जबकि गुकेश से हार से उन्हें काफी नुकसान हुआ। अभी रैपिड वर्ग में छह दौर और बाकी हैं जिसके बाद ब्लिट्ज के 18 दौर खेले जाएंगे।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 477 दिनांक 24.06.2025 धारा 1140 (3) बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत ।**
गुमशुदा की पहचान
नाम- रिषिका ।
पिता का नाम- सोनू ।
पता - बली कुतुबपुर गन्नौर सोनीपत ।
उम्र- 13 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया- रंग सावंला, लम्बुतरा चेहरा काले बाल, काली आँखे, गोल नाक, पतला शरीर हैं।
पहनावा जीन्स पेन्ट और टी-शर्ट पहने हुए और बाएं हाथ पर रिषिका लिखा हुआ है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 24-06-2025 को रिषिका पुत्री सोनू वासी बली कुतुबपुर गन्नौर सोनीपत हरियाणा जो कम्पनी न. 60,61 सेक्टर 57 कुण्डली से बिना किसी को बताए अपनी झुग्गी से कही चली गयी है। जो अब तक वापिस नही आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।
प्रबन्धक थाना - 7419410537
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 9416479970
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त ।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/3598/2026/36214/88/6 दि. 03.07.2025

**"सार्वजनिक सूचना"**

**ईमेल:** secy-gannaur@ulbharyana.gov.in

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत संघ बनाम गुजरात राज्य एवं अन्य के रूप में विशेष अपील (सी) संख्या 8519/2006 में पारित दिनांक 29/09/2009 के आदेश के तहत निर्देश दिया कि उस तिथि के बाद सार्वजनिक सड़को, सार्वजनिक पार्कों या सार्वजनिक स्थानों आदि पर मंदिर, चर्च, मस्जिद या गुरूद्वारा आदि के नाम पर कोई अनाधिकृत निर्माण नहीं किया जाएगा या अनुमति नही दी जाएगी और प्रारम्भिक रूप से रिपोर्ट मांगने और कार्यान्वयन की निगरानी के बाद दिनांक 31/01/2018 के आदेश के तहत मामलों को प्रभावी तरीके से अपने आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए संबधित उच्च न्यायालय को भेज दिया है।

उच्च आदेशों के पालन में सरकारी भूमि, ग्रीन बैल्ट, सरकारी पार्क, सड़क, फुटपाथ इत्यादि पर बने अवैध संस्थान स्ट्रक्चर, भवन आदि को तुरंत प्रभाव से हटा लें, अन्यथा संबधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुए उपरोक्त भवनों को तोड़-फोड़ कर हटा दिया जाएगा, जिसमें होने वाले हर्जे-खर्चे के लिए उपरोक्त संस्थानों को चलाने वाले अनुयायी स्वंय जिम्मेवार होगें। इसके अतिरिक्त संबधित के विरूद्ध दंडात्मक एवं न्यायालय के आदेश की अवमानना की कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

**मुख्य सचिव**
**हरियाणा सरकार**

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 279 दिनांक 01.07.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।**
गुमशुदा की पहचान बारे –
नाम - कीर्ती
पिता/पति- पुत्री छोटेलाल
पता - निवासी शीतल नगर रोहतक
उम्र-19 वर्ष
कद- 5 फुट 4 इंच ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, पतला शरीर ।
पहनावा - गुलाबी रंग का सूट सलवार, गुलाबी रंग की चुन्नी व पैरों में चप्पल पहने हुए है।



दिनांक 01.07.25 को कीर्ती पुत्री छोटेलाल निवासी शीतल नगर रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8607646489

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 182 दिनांक 02.07.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सदर रोहतक ।**
गुमशुदा की पहचान बारे –
नाम - रुबी
पिता/पति- पुत्री जयगणेश
पता - निवासी गांव नसीरपुर जिला रोहतक
उम्र-19 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर ।
पहनावा - पीले रंग का छींटदार सूट सलवार पहने हुए है।



दिनांक 02.07.25 को रुबी पुत्री जयगणेश निवासी गांव नसीरपुर जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 7082400315

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 244 दिनांक 02.07.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक ।**
गुमशुदा की पहचान बारे -
नाम - शिवकुमार
पिता/पति-
पता - निवासी गांव डाबरखेडा दिल्ली
उम्र- 32 वर्ष
कद- 5 फुट 5 इंच ।
हुलिया - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, दाहिने हाथ पर मनीषा व शिकुमार लिखा हुआ।
पहनावा कबूतरी रंग की शर्ट, नीले रंग की पैंट व पैरों में काले जूते पहने हुए है।



दिनांक 02.07.25 को शिवकुमार निवासी गांव डाबरखेडा दिल्ली सांपला बेरी रोड से अपनी बाईक सहित बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 7015737759

पीआरडीएच-1084/11/3599/2026/36233/88/6 दि. 03.07.2025




## खबर संक्षेप

### शिकागो में फायरिंग 4 की मौत, 14 जख्मी

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो में बुधवार देर रात गोलीबारी हुई। हमला एक रैपर की पार्टी में हुआ। गोलीबारी के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 14 को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मामला रिवर नॉर्थ इलाके का है। यहां एक रैपर की एल्बम रिलीज पार्टी आयोजित की गई थी। रेस्तरां और लाउंज के बाहर काफी लोग जुटे हुए थे। तभी कुछ बदमाश अपनी गाड़ी में आए और वाहन के अंदर से ही फायरिंग करने लगे। फायरिंग के बाद वे वाहन सहित फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कि अब तक किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है।

### केरल में फंसे अपने एफ-35 को टुकड़ों में वापस ले जाएगा ब्रिटेन!



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ब्रिटिश रॉयल नेवी के एफ-35B फाइटर जेट ने 14 जून को इमरजेंसी लैंडिंग की थी और 19 दिन बाद भी इस विमान में आई खराबी को दूर नहीं किया जा सका है। अब सूत्रों से जानकारी सामने आई है कि फाइटर जेट को टुकड़े-टुकड़े करके सैन्य कार्गो विमान के जरिए वापस ब्रिटेन ले जाया जाएगा। विमान की वापसी के लिए कोई टाइमलाइन न होने के कारण, ब्रिटिश अधिकारी अब विमान को वापस लाने के लिए वैकल्पिक योजनाओं पर काम कर रहे हैं। विमान को आंशिक रूप से तोड़ना यानी डिस्मेंटल करना, मिलिट्री ट्रांसपोर्ट के नजरिए से विमान को वापस ले जाने के सबसे बेहतर ऑप्शन के रूप में उभरा है।

### वॉशिंगटन जा रहे प्लेन को वियना में रोका

**नई दिल्ली।** दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में



अचानक तकनीकी खराबी आ गई। वियना में ईंधन भरने के लिए फ्लाइट के ठहराव के बाद खराबी का पता चला। इसके बाद फ्लाइट को रद्द कर दिया। एयरलाइन ने विमान से वॉशिंगटन के लिए यात्रा कर रहे यात्रियों को वियना में उतारकर वैकल्पिक सुविधा के जरिये यात्रा कराई गई। साथ ही पूर्ण धनवापसी की पेशकश की गई। एअर इंडिया की वॉशिंगटन डीसी से वियना के रास्ते नई दिल्ली आने वाली फ्लाइट को भी रद्द कर दिया गया।

### घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद बोले पीएम मोदी

# रक्षा, समुद्री सुरक्षा व ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने के लिए अपार संभावनाएं

**भारत-घाना ने संबंधों को समग्र साझेदारी तक बढ़ाया**

*भारत यूपीआई घाना के साथ डिजिटल भुगतान सुविधा देगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान द्विपक्षीय साझेदारी को 'व्यापक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ अपनी बातचीत को अत्यंत सार्थक बताया और कहा कि दोनों नेताओं के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर विचार-विमर्श हुआ।

उन्होंने कहा कि भारत और घाना के बीच महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा, समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में मिलकर कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं। सांस्कृतिक जुड़ाव को भी बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। वार्ता के दौरान चार समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। इनमें सांस्कृतिक आदान-प्रदान, मानकीकरण में सहयोग, पारंपरिक चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान, तथा विदेश मंत्रालयों के बीच संयुक्त आयोग की संस्थागत बैठकें शामिल हैं। इन समझौतों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सतत संवाद और सहयोग सुनिश्चित करना है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति महामा को भारत आने का निमंत्रण भी दिया।

**दोनों देश रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाएंगे**



#### आतंकवाद मानवता का दुश्मन

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देश इस बात पर सहमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में घाना के सहयोग के लिए उसे धन्यवाद देते हैं। हमने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपने सहयोग को मजबूत करने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुधारों के बारे में हमारे विचार समान हैं।

#### द्विपक्षीय व्यापार 3 बिलियन यूएस डॉलर

पीएम मोदी ने कहा कि भारत घाना के राष्ट्र निर्माण की यात्रा में न केवल भागीदार है, बल्कि सह-यात्री भी है, हमारा द्विपक्षीय व्यापार 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियों ने लगभग 900 परियोजनाओं में 2 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। हमने अगले 5 वर्षों के भीतर अपने व्यापार को दोगुना करने का फैसला किया है।

#### स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में करेंगे सहयोग

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति महामा के नेतृत्व में चल रहे 'आर्थिक पुनर्गठन' की सराहना की और 'फीड घाना' कार्यक्रम में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि भारत द्वारा आईटेक और आईसीसीआर छात्रवृत्तियों की संख्या दोगुनी की जाएगी तथा एक स्किल डिवेलपमेंट सेंटर की स्थापना की जाएगी। रक्षा क्षेत्र में मैरीटाइम सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, और सैनिक प्रशिक्षण में सहयोग को बढ़ावा देने का निर्णय हुआ।

#### पीएम ने घाना के संस्थापक राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि दी

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना की राजधानी अक्रा में क्वामे एनक्रूमा मेमोरियल पार्क का दौरा किया और घाना के संस्थापक राष्ट्रपति डॉ. क्वामे एनक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. एनक्रूमा अफ्रीकी स्वतंत्रता आंदोलन के एक सम्मानित नेता और पैन-अफ्रीकनवाद के प्रबल समर्थक थे। इस दौरान घाना की उपराष्ट्रपति प्रो. नाना जेन ओपोकु-अग्येमांग भी मौजूद रहीं। पीएम मोदी ने एनक्रूमा के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित की और स्वतंत्रता, एकता, और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को याद करते हुए एक मिनट का मौन रखा। क्वामे एनक्रूमा मेमोरियल पार्क, जिसे डॉन आर्थर ने डिजाइन किया है।



### किश्तवाड़ में दूसरे दिन भी जारी सर्च ऑपरेशन

# घेराबंदी के लिए पैरा कमांडो तैनात, एक आतंकी घायल



एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के जंगली इलाके में छिपे दो से तीन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए गुरुवार को भी तलाशी अभियान चलाया गया।

बुधवार रात को कुछाल-छातरू इलाके के घने जंगल वाले कंजल मांडू इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद ली जा रही है, साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा बलों की मदद से घेराबंदी को और मजबूत किया जा रहा है इलाके में पैरा कमांडो को भी उतरा गया है। जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ में एक आतंकवादी के घायल होने की आशंका है।

#### इलाके में अतिरिक्त बल तैनात

अधिकारियों ने बताया कि तलाशी दलों को देखते ही आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े आतंकवादियों को मार गिराने और कड़ी घेराबंदी करने के लिए इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है। आतंकवादी सैफुल्लाह और आदिल इसी इलाके की पहाड़ियों में सक्रिय हैं लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। सैफुल्लाह के साथ तीन ओर आतंकवादी सक्रिय है और वह फांभर इलाके में सक्रिय है पहले यह सिंहपुरा इलाके में सक्रिय थे। आतंकी सुरक्षा बलों के दबाव के चलते वहां से भाग गए हैं। उन्हें दबोचने के लिए पिछले माह भी एक बहुत बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया गया था।

#### कुछाल में दूसरा ग्रुप सक्रिय

अभी कुछाल में दूसरा ग्रुप सक्रिय हो गया है। सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों को यह चिंता सता रही है कि क्या दो-दो, तीन-तीन आतंकवादियों के समूह अलग-अलग जगह सक्रिय हो गए हैं। अमरनाथ यात्रा शुरू हो गई है। यह इलाका अनंतनाग से मिलता जुलता है और जिला के अंदर मचेल यात्रा भी 25 जुलाई से शुरू हो रही है। हालांकि मचेल यात्रा में अभी से रोजाना काफी सारी संख्या में यात्री आ जा रहे हैं ऐसे में इन आतंकवादियों को जल्द से जल्द दबोचना सुरक्षा बलों के लिए बहुत जरूरी हो गया है।

# आरएसएस की दिल्ली में 3 दिवसीय प्रांत प्रचारक बैठक आज से

**संघ प्रमुख मोहन भागवत की मौजूदगी में शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा होगी**

**बैठक में मुख्यतः संगठनात्मक विषयों पर चर्चा होगी, यह बैठक कोई निर्णय लेने वाली बैठक नहीं है: आंबेकर**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का आयोजन केशव कुंज (दिल्ली) में आज शुक्रवार 4 जुलाई से रविवार 6 जुलाई तक किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बृहस्पतिवार को केशव कुंज में पत्रकार वार्ता के दौरान बैठक में आने वाले विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उनके साथ सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर, प्रदीप जोशी भी उपस्थित रहे।

आंबेकर ने बताया कि बैठक में मुख्यतः संगठनात्मक विषयों पर चर्चा होगी। यह बैठक कोई निर्णय लेने वाली बैठक नहीं है। प्रांतों में संगठन के कार्य की प्रगति व अनुभवों पर चर्चा होती है। कार्य विभागों के कार्य को लेकर भी चर्चा होती है। बैठक में सरसंघचालक, सरकार्यवाह भी उपस्थित रहेंगे। उनका मार्गदर्शन सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त होता है।

**बैठक में सभी सह सरकार्यवाह, कार्य विभाग प्रमुख और संघ प्रेरित 32 विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री उपस्थित रहेंगे**

बैठक में सभी सह सरकार्यवाह, कार्य विभाग प्रमुख और संघ प्रेरित 32 विविध संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री उपस्थित रहेंगे। मार्च के पश्चात देशभर में अब तक 100 प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन हुआ है। जिसमें 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के स्वयंसेवकों के 75 तथा 40 से 60 वर्ष की आयु वर्ग के स्वयंसेवकों के 25 वर्ग आयोजित हुए हैं। प्रशिक्षण वर्गों के दौरान सेवा विभाग सहित विभिन्न कार्य विभागों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। स्वयंसेवक स्थायी प्रकल्पों में भी लगते हैं, और आपदा के समय भी स्वयंसेवक सेवा कार्य में जुटते हैं। पुरी जगन्नाथ रथ यात्रा, अहमदाबाद विमान हादसे के दौरान भी स्वयंसेवक सेवा कार्य में लगे। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष इस बैठक का मुख्य विषय है। सभी प्रांतों ने तैयारी की है, अपनी-अपनी योजना बनाई है। उस पर बैठक में चर्चा होगी, बैठक के पश्चात इस संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी।शताब्दी वर्ष का शुभारंभ नागपुर में 02 अक्तूबर को विजयादशमी उत्सव के साथ होगा।

### पुतिन और ट्रम्प ने फोन पर ईरान और यूक्रेन पर चर्चा की: क्रेमलिन

**पुतिन ने लक्ष्य पूरा होने तक यूक्रेन में युद्धविराम से इनकार किया**

**मॉस्को (एपी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने फोन पर बातचीत के दौरान ईरान, यूक्रेन और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। क्रेमलिन ने यह जानकारी दी। ट्रंप के व्हाइट हाउस लौटने के बाद से यह फोन पर उनकी छठी बातचीत थी। पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि ईरान के हालात पर चर्चा करते हुए पुतिन ने सभी मुद्दों को राजनीतिक और कूटनीतिक तरीकों से सुलझाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने महत्वपूर्ण कर विधेयक को मंजूरी दे दी

**वाशिंगटन (एपी)।** रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों के समर्थन से अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 4,500 अरब डॉलर के कर छूट और व्यय कटौती विधेयक को बृहस्पतिवार को पारित कर दिया। इसी के साथ, इस विधेयक को अमेरिकी संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिल गई और इसे अब राष्ट्रपति ट्रंप के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। यह विधेयक 214 के मुकाबले 218 मतों से पारित किया गया। इस विधेयक का विरोध करने के लिए रिपब्लिकन के दो सदस्य डेमोक्रेट पार्टी के साथ हो गए।

### डीएसी ने दी 1.5 लाख करोड़ रुपए के 10 रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** पाकिस्तान के साथ पश्चिम सीमा पर जारी तनाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक हुई। जिसमें कुल करीब 1.05 लाख करोड़ रुपए के 10 रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान परिषद ने इन प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति यानी एओएन प्रदान किया है। 10 प्रस्तावों में तीनों सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) के लिए बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद को डीएसी ने अपनी स्वीकृति दी है।

### आतंकवाद-संगठित अपराध से निपटने में सहयोग पर वार्ता



***वॉशिंगटन।*** *विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अमेरिका के उस प्रस्ताव पर बात की, जिसमें भारत से आने वाले सामान पर 500% तक टैरिफ लगाने का संकेत दिया गया है। यह टैरिफ रूस से तेल खरीदने के कारण लगाया जा सकता है। जयशंकर ने कहा कि भारत इस मामले पर पूरी नजर रखे हुए है। अगर इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर कोई असर पड़ता है, तो भारत जरूरी कदम उठाएगा। जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'सीनेटर लिंडसे ग्राहम के बिल पर हमारी नजर है। अमेरिका में जो कुछ भी हो रहा है, अगर उससे हमारे हितों पर कोई असर पड़ता है, तो हम उसमें दिलचस्पी रखते हैं।' एस जयशंकर ने आगे कहा, 'हमारा दूतावास और राजदूत सीनेटर ग्राहम के संपर्क में हैं।*




### भारत-अमेरिका का संयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'निसार', ऊपर से करेंगे निगरानी

# प्राकृतिक आपदा आने से पहले दुनिया को कर देंगे अलर्ट


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पृथ्वी की सतह की निगरानी, भूकंप और भूस्खलन जैसी आपदाओं का सटीक पूर्वानुमान और पर्यावरणीय बदलावों की विस्तार से जानकारी अब जल्द ही भारत-अमेरिका के संयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'निसार' (एनआईएसएआर) के जरिए संभव होगी।

नासा और इसरो के इस संयुक्त मिशन की लॉन्चिंग जुलाई 2025 के अंत तक आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी रॉकेट के माध्यम से की जाएगी। इसकी कुल लागत करीब 1.5 अरब डॉलर (लगभग 12,500 करोड़ रुपए) है, जिससे यह दुनिया का सबसे महंगा अर्थ इमेजिंग सैटेलाइट बन गया है।

**प्रोजेक्ट की कुल लागत करीब 12,500 करोड़ रुपए**

**जुलाई 2025 में श्रीहरिकोटा से लॉन्च करेंगे सैटेलाइट**



#### निसार में हैं दो रडार

निसार सैटेलाइट को खास बनाने वाली इसकी दोहरी आवृत्ति वाली रडार तकनीक है। इसमें दो अलग-अलग रडार लगे हैं पहला एस-बैंड रडार जिसे इसरो के अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लिकेशन सेंटर ने बनाया है। दूसरा एल-बैंड रडार, जिसे नासा की कैलिफोर्निया स्थित जेट प्रपल्शन लैब ने तैयार किया है। दोनों रडार मिलकर पृथ्वी की सतह पर सूक्ष्म बदलाव, ध्रुवीय बर्फ, ग्लेशियरों की गतिविधि, ज्वालामुखी, भूस्खलन और भूकंप जैसे घटनाओं पर नजर रखेंगे। यह तकनीक सिंथेटिक एपर्चर रडार पर आधारित है। इस अभूतपूर्व मिशन की नींव 2012 में इसरो और नासा के बीच बातचीत से रखी गई थी। 2014 में दोनों एजेंसियों के बीच आधिकारिक समझौता हुआ।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25